Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 98 | रविवार, 12 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो': कटवा रैली में बोले मोदी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पूर्व बर्दवान जिले के कटवा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा, घुसपैठ और शरणार्थियों के अधिकारों के मुद्दों पर जोर दिया।

उन्होंने रैली में नारा दिया, 'भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो', और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सुरक्षा और सम्मान दोनों सुनिश्चित करेगी।

शरणार्थी समुदायों, विशेषकर मतुआ और नामशूद्र समाज का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के जरिए उन्हें नागरिकता की गारंटी दी गई है और इस प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

उन्होंने अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर कहा कि 'घुसपैठियों को देश से बाहर निकाला जाएगा और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।' उन्होंने इसे कल्याणकारी योजनाओं में लीकेज से जोड़ते हुए कहा कि फर्जी लाभार्थी असली हकदारों का हिस्सा खा रहे हैं।

मोदी ने चुनाव को 'भय बनाम भरोसा' की लड़ाई बताते हुए कहा कि उनकी गारंटी है कि 'निर्दयी शासन का डर खत्म होगा और भरोसे का राज स्थापित होगा।'

उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर लोगों में डर का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'बंगाल अब बदलाव के लिए तैयार है।'

उन्होंने भाजपा के 'संकल्प पत्र' का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें छह गारंटियों के साथ विकास का स्पष्ट रोडमैप दिया गया है और पार्टी अपने वादों को पूरा करने का रिकॉर्ड रखती है।

मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, चाहे वे नेता हों या मंत्री। उन्होंने चुनाव बाद हिंसा की जांच के लिए आयोग गठित करने की भी घोषणा की।

उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार सृजन, महिलाओं के लिए 3,000 रुपये मासिक सहायता और सुरक्षा की गारंटी, सरकारी कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग के लाभ और किसानों के लिए पीएम-किसान के तहत 9,000 रुपये वार्षिक सहायता तथा धान के लिए 3,100 रुपये एमएसपी देने का वादा भी किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार केंद्र की योजनाओं को लागू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर आयुष्मान भारत सहित सभी योजनाएं लागू की जाएंगी।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने फिर दोहराया, 'भय हटाओ, भरोसा लाओ, भाजपा को वोट दो।'

उन्होंने इस चुनाव को डर की जगह विश्वास लाने का एक निर्णायक अवसर बताया, और पारदर्शिता, विकास तथा सुरक्षा पर केंद्रित शासन मॉडल का वादा किया।

## भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा: योगी



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या ह्लपरहित सरिस धरम नहिं भाईह्व के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने बसाया तो था, लेकिन स्वामित्व अधिकार नहीं दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से विस्थापित परिवार वर्षों पूर्व भारत आए थे और अपने साथ पीड़ा, असुरक्षा तथा अनिश्चित भविष्य लेकर आए थे। अब उन्हें भारत की धरती पर सम्मान और अधिकार मिल रहे हैं। योगी ने कहा कि इन परिवारों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के अंतर्गत अधिकार दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने इस कानून का विरोध किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह निर्णय उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पुणे में बड़ा विमान हादसा टला: बाल-बाल बचे मंत्री छगन भुजबल, पार्किंग में उतारना पड़ा हेलीकॉप्टर

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के कद्दावर नेता और कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल एक हवाई हादसे में बाल-बाल बचे हैं। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फुला दिए। दरअससल, पुणे जिले के पुरंदर तहसील में भुजबल को लेकर जा रहे हेलीकॉप्टर की लैंडिंग में एक बड़ी चूक की खबर सामने आई है। पायलट ने हेलीकॉप्टर को निर्धारित हेलीपैड पर उतारने के बजाय पास ही स्थित गाड़ियों की पार्किंग में उतार दिया। मंत्री छगन भुजबल नासिक से खानवडी पुरंदर जा रहे थे। वहां वे महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई



दिग्गज नेताओं का पहुंचना तय था। वीवीआईपी आगमन को देखते हुए प्रशासन ने वहां एक विशेष हेलीपैड तैयार किया था। हालांकि, लैंडिंग के वक्त पायलट को भ्रम हो गया। बताया जा रहा है कि पार्किंग क्षेत्र खाली होने के कारण पायलट उसे ही लैंडिंग साइट समझ बैठा और वहीं हेलीकॉप्टर उतार दिया। पार्किंग जैसे संकरे क्षेत्र में हेलीकॉप्टर उतारना बेहद जोखिम भरा था। हेलीकॉप्टर के घूमते हुए पंखे वहां मौजूद निर्माणों या किसी वाहन से टकरा सकते थे, जो एक बड़े धमाके या हादसे का कारण बन सकता था। गनीमत रही कि पायलट ने बिना किसी टक्कर के लैंडिंग करा ली। हेलीकॉप्टर के रुकते ही सुरक्षाकर्मी तुरंत उस ओर दौड़े। मंत्री भुजबल और अन्य यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस घटना के बाद छगन भुजबल के कार्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है। सुरक्षा एजेंसियों ने मामले की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह केवल पायलट की मानवीय भूल थी या फिर नेविगेशन सिस्टम में कोई तकनीकी खराबी आई थी। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि वीवीआईपी मूवमेंट में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जा सकती। छगन भुजबल ने खुद मीडिया से बात करते हुए कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है, मैं पूरी तरह सुरक्षित हूं और कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं।

## राजनाथ सिंह का किसानों को बड़ा भरोसा, बोले- मेरे अंदर का किसान जिंदा है, धन की कोई कमी नहीं होने देंगे

वेलकम इंडिया नेटवर्क




**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के रायसेन में 11 अप्रैल को तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किसानों को धन और संसाधनों की कमी न होने का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और शिवराज सिंह चौहान ने कृषि विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि गांवों और कृषि के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है, और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

राजनाथ ने कहा कि धन या संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। हमारी सरकार ने हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि प्रत्येक किसान को सहायता मिले। उन्होंने आगे कहा कि मैं कई वर्षों से सार्वजनिक जीवन में हूं, कृषि मंत्री सहित कई जिम्मेदारियां संभाली हैं। मेरे भीतर का किसान कभी नहीं गया। आज भी, रक्षा मंत्री के रूप में, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि किसानों के प्रति मेरी प्रतिबद्धता अपरिवर्तित है। कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और मजबूत कृषि और किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हमारा लक्ष्य एक गौरवशाली, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कर दिया है: भारत किसी को उकसाएगा नहीं, लेकिन उकसाए जाने पर उन्हें नहीं बख्शेगा। आज देश सुरक्षित है, फिर भी सच्चा विकास मजबूत कृषि और किसानों की आय में वृद्धि के बिना संभव नहीं है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने रायसेन में तीन दिवसीय ह्यउन्नत कृषि महोत्सव 2026: प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षणह्ल का आयोजन किया। इस आयोजन में हैंगर 1 और 2 के बीच 300 स्टॉल लगाए गए, जबकि हैंगर 3 उद्घाटन एवं सांस्कृतिक हॉल के रूप में कार्य कर रहा था।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई: भारी मात्रा में हथियार और 1,800 किलो खसखस बरामद



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**मणिपुर।** मणिपुर में शांति बहाली और अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए सुरक्षा बलों का अभियान जारी है। शुक्रवार को चुराचंदपुर और चंदेल जिलों में चलाए गए दो अलग-अलग ऑपरेशनों में सुरक्षा बलों ने न केवल हथियारों का जखीरा बरामद किया, बल्कि नशीले पदार्थों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को भी विफल कर दिया। पुलिस के एक बयान के अनुसार, आरोपियों को शुक्रवार को चूड़ाचांदपुर थाना क्षेत्र के टी बंगला एमवीसीपी इलाके से गिरफ्तार किया गया। बयान के मुताबिक, उनके पास से एक कार्बाइन, नौ मिमी की एक पिस्तौल, 1,800 किलोग्राम खसखस से भरे 36 बोरे और दो वाहन जब्त किए गए। वहीं, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने चंदेल जिले के चकपिकारोंग थाना क्षेत्र में ताइजांग गांव के वन क्षेत्र से हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा भी बरामद किया। बरामद किए गए सामान में एके-47 राइफल, मैगजीन सहित चार देसी बंदूकें, सात मोर्टार, आईईडी बनाने से संबंधित सामग्री और पांच वॉकी-टॉकी सेट शामिल हैं। मणिपुर में दो वर्ष पहले जातीय हिंसा भड़कने के बाद से ही सुरक्षा बल राज्य में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। मई 2023 में मणिपुर में मेइती और कुकी-जो समूहों के बीच हुई जातीय हिंसा में260 से अधिक लोग मारे गए थे और हजारों लोग बेघर हो गए थे।

## अभिनेता विजय का 'मास्टर' प्लान, टीवीके कार्यकताओं को दिया जीत का मंत्र

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**तमिलनाडु।** तमिलगा वेट्री कजगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के गहन अभियान की शुरूआत की और पार्टी कार्यकताओं से अपनी गति को निर्णायक जीत में बदलने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए, अभिनेता से राजनेता बने इस शख्स ने उन्हें 'मेरे दिल में बसने वाले साथी' बताया और जोर देकर कहा कि पार्टी की सफलता के लिए अगले दस दिन बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने तमिलनाडु भर में टीवीके की उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अनुशासित और व्यापक घर-घर जाकर संपर्क साधने की वकालत की। विजय ने कि मेरे हृदय में बसे सभी साथियों को मेरा हार्दिक नमस्कार। इस यात्रा में, जहाँ गौरवशाली पुष्पांजलिओं से सुशोभित इतिहास पलट रहा है, आप सभी का व्यक्तिगत योगदान अमूल्य और अपरिहार्य है। हम, परिवर्तन की प्रमुख शक्ति, विजय के पथ पर सही



दिशा में अग्रसर हैं। इस समय, जैसे-जैसे चुनाव का दिन निकट आ रहा है, मैं एक अपील करता हूँ। मतदान केंद्र संयोजक, तमिलनाडु विजय लीग में शामिल हुए सदस्य जो हमारे साथ साथी बनकर इस यात्रा में जुड़े हैं, मेरे प्रिय मित्रों और लीग के प्रति अपार प्रेम रखने वाले मित्रों - आप सभी मैदान में उतरें और काम को अपने हाथ में लें। विजय ने स्वयंसेवकों और बूथ-स्तरीय संयोजकों को मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने और उनसे सीटी चिन्ह के लिए अपना समर्थन दर्ज कराने का अनुरोध करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सदस्यों से प्रत्येक सुबह और शाम अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों से मिलने के लिए समय निकालने को कहा। उन्होंने आगे कहा कि अगले दस दिनों तक, जब भी आपको सुविधा हो, सुबह और शाम के समय, आप जहां भी रहते हों, घर-घर जाकर तमिलनाडु के लोगों से प्रतिदिन आमने-सामने मिलें। उनसे अपील करें कि वे सीटी चिन्ह पर वोट डालकर हमारे लीग उम्मीदवारों को अपना समर्थन दें। मैं आपसे अत्यंत स्नेहपूर्वक निवेदन करता हूं कि आप इस जनसेवा में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हों। चुनाव को महज एक राजनीतिक प्रतियोगिता से कहीं अधिक बताते हुए, विजय ने इसे एक पीढ़ी के लिए एक बड़ा बदलाव और सच्चे जनतंत्र की स्थापना का संघर्ष बताया। उन्होंने राज्य और जिला प्रशासकों को उम्मीदवारों के साथ निस्वार्थ सहयोग करने का निर्देश दिया और उनसे 'सभी को गले लगाने' तथा एकजुट प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य और सभी जिला लीग प्रशासकों से अनुरोध है कि हमारी लीग की ओर से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को पूर्ण सहयोग दें।

## पीएम का जनता से सीधा संवाद: पूर्व बर्धमान में रैली से पहले जारी किया वीडियो; भीड़ को देख बताया बंगाल का मिजाज

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**बंगाल।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान में होने वाली रैली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो जारी कर राज्य की जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने हेलीपैड पर जुटी भारी भीड़ को 'अद्भुत दृश्य' बताया और कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों का जोश कम नहीं हुआ है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में कहा कि दोपहर से पहले ही तेज धूप के बावजूद लोग बड़ी संख्या में हेलीपैड पर पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि यह उनकी दिन की पहली सभा है और सभा स्थल पर पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग उनका इंतजार कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने बताया कि भीड़ में युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सभी शामिल थे। यह दृश्य उनके लिए बेहद खास और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने इसे बंगाल की जनता के उत्साह और लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था का प्रतीक बताया। पीएम ने कहा कि सुबह करीब 11 बजे का समय होने के बावजूद गर्मी काफी तेज थी, लेकिन इसके बावजूद लोगों का जोश चरम पर था। उन्होंने राज्य में मिल रहे समर्थन को लेकर भी संतोष जताया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में चुनावी गतिविधियां अब चरम पर पहुंच चुकी हैं। सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

## बंगाल की जनसभा में अमित शाह की हुंकार: गृह मंत्री ने सीएम ममता को घेरा, कहा- भाजपा मिटाएगी टीएमसी का सिंडिकेट राज

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच भाजपा ने एक बार फिर ममता सरकार पर बड़ा हमला बोला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांकुड़ा के ओंडा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो टीएमसी का सिंडिकेट राज खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि अब बंगाल में बदलाव का समय आ गया है और जनता जल्द फैसला करेगी। अमित शाह ने अपने भाषण में टीएमसी सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में हर काम के लिए लोगों को कटमनी देनी पड़ती है और सिंडिकेट के बिना कोई काम नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा



कि भाजपा सरकार आने पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और अपराधियों को सजा दी जाएगी। शाह ने कहा कि बंगाल में सीमेंट, बालू या अन्य सामान खरीदने तक के लिए सिंडिकेट का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सिस्टम लोगों को परेशान कर रहा है। शाह ने जनता से अपील की कि भाजपा को वोट देकर इस व्यवस्था को खत्म करें और पारदर्शी शासन लाएं।

### महिलाओं की सुरक्षा पर भी उठाए बड़े सवाल?

उन्होंने ममता सरकार पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं और कई मामलों ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं को 24 घंटे सुरक्षा दी जाएगी और दोषियों को सख्त सजा मिलेगी।

### किसानों और घुसपैठ के मुद्दे पर क्या कहा?

शाह ने आलू किसानों की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी उपज को पूरे देश में भेजा जाएगा ताकि उन्हें बेहतर कीमत मिल सके। साथ ही उन्होंने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश कोई 'धर्मशाला' नहीं है और भाजपा सरकार बनने पर घुसपैठियों को बाहर किया जाएगा।

### निष्पक्ष मतदान पर दिया भरोसा?

उन्होंने दावा किया कि बंगाल में 300 से ज्यादा भाजपा कार्यकताओं की हत्या हुई है और भाजपा सरकार बनने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। शाह ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है और किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बंगाल विधानसभा की 294 सीटों पर चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ऐसे में राज्य में सियासी बयानबाजी और तेज हो गई है।

## संपादक की कलम से

# एलन मस्क ने एआई में नई नियुक्तियां कीं, भारतीय मूल के तीन युवाओं को मिली टाप जाब

सिलिकॉन वैली से लेकर टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों में भारतीय मूल के इंजीनियरों के आईटी कौशल (स्किल्स) की मांग बढ़ी है। भारतीय टेक प्रोफेशनल्स अपनी योग्यता, कार्यनिष्ठा और समस्या समाधान के दृष्टिकोण से बड़ा प्रभाव डाल रहे हैं। कई रिपोर्ट्स बताती हैं कि अमेरिकी टेक उद्योग में भारतीय इंजीनियर सबसे विश्वसनीय और तेजी से बढ़ते टैलेंट ग्रुप में शामिल हैं। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्षेत्र में भारतीयों के प्रभुत्व को देखकर भड़कते हैं। इसीलिए वे अक्सर एच-1बी वीजा का मुद्दा उठाते रहते हैं। सिक्के का दूसरा पहलू यह है कि अमेरिकी कंपनियां लगातार प्रतिभा की तलाश में रहती हैं। भारत के युवा आईटी प्रोफेशनल्स के स्किल्स से ये कंपनियां प्रभावित हैं, यह उनके चयन के मानकों से पता चलता है। उच्च बुद्धिमत्ता वाले भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स को बड़ी कंपनियां खुद ढूंढते हुए आती हैं। एलन मस्क अपनी एआई कंपनी एक्सएआई में बड़ा फेरबदल कर रहे हैं और इसके हिस्से के रूप में उन्होंने भारतीय मूल के तीन इंजीनियरों – देवेन्द्र चापलोट, अमन मदान और आदित्य गुप्ता को माडल ट्रेनिंग और डेवलपमेंट में मुख्य भूमिकाओं की नौकरी दी है। यह बदलाव ऐसे समय में आया है जब स्पेसएक्स अपने आईपीओ की तैयारी कर रहा है और एक्सएआई अपने संचालन में सुधार करने तथा अन्य बड़ी एआई कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कमर कस रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इंजीनियरिंग पहलुओं में सुधार के लिए भारतीय मूल के इन तीन प्रोफेशनल्स को टॉप पोस्ट पर रखा गया है। इन तीनों में से देवेन्द्र चापलोट टीम का नेतृत्व करेंगे। यह वह चरण है जहां एआई माडल्स विशाल डेटासेट्स (टेक्स्ट, इमेज और कोड) से सामान्य पैटर्न सीखते हैं। देवेन्द्र इससे पहले फेसबुक और थिंकिंग मशींस लैब्स में शोधकर्ता के रूप में काम कर चुके हैं। अमन मदान माडल फैक्ट्री और टूलिंग का प्रभार संभालेंगे। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, डेटा पाइपलाइन और ट्रेनिंग वर्कफ्लो की देखरेख शामिल है, जो एआई सिस्टम बनाने के लिए अनिवार्य है। आदित्य गुप्ता को पोस्ट-ट्रेनिंग और सुदृढ़ीकरण शिक्षण के लिए नियुक्त किया गया है। उनकी भूमिका डेवलपमेंट के अंतिम चरण पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह फेरबदल ऐसे समय में हो रहा है जब एक्सएआई के 11 सह-संस्थापकों ने कंपनी छोड़ दी है, और स्थिति को संभालने के लिए टेस्ला और स्पेसएक्स के नवनियुक्त इंजीनियरों को पालो अल्टो ऑफिस में लाया गया है। जब देवेन्द्र चापलोट ने घोषणा की कि वे स्पेसएक्स और एक्सएआई में शामिल हो रहे हैं और सुपरइंटेलिजेंट सिस्टम बनाने के लिए एलन मस्क और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेंगे, तब सोशल मीडिया पर एक बार फिर यह चर्चा शुरू हो गई कि अमेरिका में टेक्नोलॉजी की सभी नौकरियां भारतीयों के पास जा रही हैं। इस घोषणा के साथ मस्क के साथ उनकी एक फोटो भी थी, जिसके कारण मस्क की एक बार फिर भारतीयों की नियुक्ति करने के लिए आलोचना हुई। सोशल मीडिया यूजर्स ने एलन मस्क का मजाक उड़ाते हुए कहा कि, वे बहुसंस्कृतिवाद और सामूहिक प्रवास के खिलाफ सुरक्षा की बात करते हैं और अगले ही पल भारतीय की नियुक्ति करते हैं। एलन मस्क एच-1बी वीजा प्रोग्राम के मजबूत समर्थक रहे हैं, जिस पर सिलिकॉन वैली की कंपनियां काफी हद तक निर्भर हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## राष्ट्रीयता

लक्ष्मीनारायण सेन

कविता



राष्ट्र प्रेम की भाव जगा दीजिए
ऐसा रहस्य हमें सिखा दीजिए।।

एकता का पाठ पढ़ा कर सबको
घृणा राग द्वेष सब मिटा दीजिए।।

अनेकता में एकता है हमारी संस्कृति
यह बात सारे दुनिया को बता दीजिए।।

मां भारती आप से है एक आग्रह
चित मे समर्पण भाव जगा दीजिए।।

लक्ष्य मार्ग पर कदम ना रुके कभी
ऐसे शक्ति तन मन मे जगा दीजिए।।

भारतीयता का उपवन सजा कर
राष्ट्रीयता का सुमन खिला दीजिए।।

जात धर्म का ना हो कहीं खाई
ऐसा समरस भारत बना दीजिए।।

सनातन की सबको राग सुनाकर
समाज को एक हार बना दीजिए।।

सारे जात – धर्म को ताक में रखकर
जय हिन्द की नारा सब लगा दीजिए।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जनप्रतिनिधियों की पेंशन पर सवाल



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहाँ जनता सर्वोच्च मानी जाती है और जनप्रतिनिधि जनता के सेवक के रूप में कार्य करते हैं। परंतु समय-समय पर कुछ ऐसे मुद्दे सामने आते हैं, जो इस मूल भावना पर प्रश्नचिह्न खड़े कर देते हैं। पूर्व सांसदों की पेंशन और सुविधाओं को लेकर उठी हालिया बहस भी इसी श्रेणी में आती है। जब सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से यह सवाल किया कि पूर्व सांसदों को दी जाने वाली पेंशन और सुविधाओं का औचित्य क्या है, तो इसने देशभर में एक नई चर्चा को जन्म दिया। यह प्रश्न केवल एक प्रशासनिक या कानूनी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ा हुआ विषय है। आखिर क्यों एक वर्ग को विशेषाधिकार प्राप्त हों, जबकि अन्य वर्गों को कड़े नियमों और सीमाओं में बांध दिया जाए? यह सवाल आम नागरिक के मन में स्वाभाविक रूप से उठता है।

लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि जनता द्वारा चुने जाते हैं ताकि वे उनके हितों की रक्षा कर सकें और समाज के विकास के लिए काम करें। यह एक जिम्मेदारी है, कोई स्थायी लाभ प्राप्त करने का माध्यम नहीं।

परंतु जब जनप्रतिनिधियों को आजीवन पेंशन, कई प्रकार की सुविधाएँ और विशेष अधिकार दिए जाते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या यह व्यवस्था सेवा की भावना को बढ़ावा देती है या इसे एक विशेषाधिकार में बदल देती है। एक सामान्य सरकारी कर्मचारी को पेंशन पाने के लिए वर्षों तक सेवा करनी पड़ती है।

कई बार 20 से 30 वर्षों की नौकरी के बाद ही वह इस सुविधा का हकदार बनता है। इसके विपरीत, सांसद बनने के लिए केवल एक कार्यकाल–जो कि पाँच वर्षों का होता है–भी पर्याप्त है। यह असमानता न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी चिंताजनक है।

भारतीय संविधान समानता के सिद्धांत पर आधारित है। हर नागरिक को समान अवसर और समान अधिकार मिलना चाहिए। लेकिन जब एक विशेष वर्ग को अतिरिक्त लाभ दिए जाते हैं, तो यह सिद्धांत कमजोर पड़ता दिखाई देता है। पूर्व सांसदों की पेंशन का मुद्दा इसी असमानता का प्रतीक बन गया है। जब देश का एक बड़ा वर्ग आर्थिक संघर्ष से जूझ रहा हो, बेरोजगारी और महंगाई जैसी समस्याओं से परेशान हो, तब ऐसे विशेषाधिकार जनता के बीच असंतोष पैदा करते हैं। यह असंतोष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी होता है।

यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन पेंशनों और सुविधाओं का खर्च अंततः जनता के करों से ही पूरा होता है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या यह संसाधनों का सही उपयोग है? क्या यह धन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं में निवेश नहीं किया जाना चाहिए?

हालांकि यह तर्क दिया जा सकता है कि कुल बजट में यह खर्च बहुत अधिक नहीं है, लेकिन मुद्दा केवल राशि का नहीं, बल्कि सिद्धांत का है। यदि एक व्यवस्था असमानता को बढ़ावा देती है, तो उसे केवल इसलिए सही नहीं ठहराया जा सकता कि उसका आर्थिक प्रभाव सीमित है। इस विषय पर एक पक्ष यह भी है कि जनप्रतिनिधियों को कार्यकाल के बाद कुछ सुविधाएँ मिलनी चाहिए। उनका तर्क है कि सांसद बनने के बाद व्यक्ति को अपने पेशे, व्यवसाय या नौकरी से दूरी बनानी पड़ती है।

ऐसे में कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनके पास स्थायी आय का स्रोत नहीं होता। इसके अलावा, यह भी कहा जाता है कि यदि जनप्रतिनिधियों को आर्थिक सुरक्षा नहीं दी जाएगी, तो वे स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्णय लेने में सक्षम नहीं रहेंगे।

वे बाहरी प्रभावों के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं, जिससे लोकतंत्र की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। यह तर्क अपनी जगह पर उचित प्रतीत होते हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या वर्तमान व्यवस्था संतुलित है, या यह सुविधा 'आवश्यकता' से आगे बढ़कर 'विशेषाधिकार' का रूप ले चुकी है।

इस पूरे मुद्दे का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इन सुविधाओं को निर्धारित करने की प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है। क्या इन निर्णयों में जनता की राय ली जाती है? क्या विशेषज्ञों और आर्थिक विश्लेषकों की सलाह को महत्व दिया जाता है? अक्सर देखा गया है कि जनप्रतिनिधियों की सुविधाओं से जुड़े निर्णय उन्हीं के द्वारा लिए जाते हैं। यह स्थिति हितों के टकराव को जन्म देती है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि इन विषयों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष संस्थाओं की भूमिका बढ़ाई जाए।

यदि हम अन्य लोकतांत्रिक देशों की ओर देखें, तो वहाँ भी जनप्रतिनिधियों को कुछ सुविधाएँ दी जाती हैं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर इनके लिए सख्त नियम और शर्तें होती हैं। कई देशों में न्यूनतम सेवा अवधि, आयु सीमा और अन्य मानदंड तय किए गए हैं। भारत में भी ऐसी व्यवस्था लागू की जा सकती है, जिससे संतुलन बना रहे और समानता के सिद्धांत को मजबूती मिले। पेंशन को सेवा अवधि के आधार पर निर्धारित करना, इसे सीमित समय के लिए देना, या अन्य सरकारी पेंशन व्यवस्थाओं के साथ संतुलन स्थापित करना जैसे उपाय इस दिशा में कारगर हो सकते हैं।

किसी भी लोकतंत्र में जनता की जागरूकता और भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि नागरिक इन मुद्दों पर सजग रहेंगे और अपनी आवाज उठाएंगे, तभी सकारात्मक परिवर्तन संभव होगा। आज सोशल मीडिया और अन्य मंचों के माध्यम से इस विषय पर चर्चा बढ़ी है, जो एक सकारात्मक संकेत है। यह दर्शाता है कि लोग अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनना चाहते हैं।

अंततः, पूर्व सांसदों की पेंशन और सुविधाओं को लेकर उठी यह बहस केवल एक नीति का प्रश्न नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा से जुड़ा हुआ विषय है। यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में समानता और न्याय के सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं। सरकार और नीति निमार्ताओं को चाहिए कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लें और एक ऐसी व्यवस्था विकसित करें, जो न केवल तर्कसंगत हो, बल्कि न्यायसंगत भी हो। जनप्रतिनिधियों को सम्मान और सुरक्षा मिलनी चाहिए, लेकिन यह व्यवस्था इस तरह की होनी चाहिए कि वह विशेषाधिकार का रूप न ले। एक मजबूत लोकतंत्र वही होता है, जहाँ जनता का विश्वास सर्वोपरि होता है, और इस विश्वास को बनाए रखने के लिए नीतियों में पारदर्शिता, समानता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।



# इजरायल चार दशकों से लेबनान में हिजबुल्लाह को हरा नहीं सका है



स्नेहा सिंह
लेखिका

इजरायल के पास दुनिया की सबसे आधुनिक सेनाओं में से एक है और अत्याधुनिक शस्त्रों का भंडार है। अमेरिका के साथ जुड़कर वह दुनिया के किसी भी देश के खिलाफ जंग कर सकता है और वर्तमान में भी ईरान के खिलाफ जंग पर चढ़ा हुआ है। उनके हवाई हमले को कोई रोक सके वैसा नहीं है। इतनी मजबूत और आधुनिक सेना और टेक्नोलॉजी होने के बावजूद इजरायल कई वर्षों से लेबनान और उसके आसपास के प्रदेशों में स्थित हिजबुल्लाह संगठन को हरा नहीं सका है।

इस संगठन के लड़ाके बारबार इजरायल को परेशान करते हैं और युद्ध करके नष्ट होने की कगार पर हैं और फिर वापस राख में से खड़े हो जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि इजरायल उन्हें आतंकी मानता है, लेकिन लेबनान में तो वे एक संगठित, हथियारबंद, राजनीतिक और सामाजिक ताकत रखने वाला संगठन हैं, जिसे नष्ट करना अत्यंत मुश्किल और शायद असंभव कहा जा सके वैसा काम है।

उल्लेखनीय है कि इजरायल ने 1982 में लेबनान पर हमला किया था। उस वक्त कुछ शिया नेताओं ने इजरायल का विरोध करने और जवाब देने के लिए एक संगठन बनाया था। उस समय यह संगठन ज्यादा टिक नहीं सका था। उसके बाद ईरान ने आगे आकर लेबनान की मदद की। ईरान के 1500 जितने 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स' को लेबनान भेजा गया। वहां उन्होंने इन शिया लड़ाकों को तैयार करके हिजबुल्लाह संगठन को मजबूती से खड़ा किया। शुरूआत के समय में वे बिखरे हुए और विस्थापित थे, लेकिन वर्तमान समय में वे अत्यंत शक्तिशाली संगठन माने जाते हैं और विशेष रूप से अपनी छिपकर हमला करने की 'गुरिल्ला पद्धति' के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं।

वर्ष 2000 में हिजबुल्लाह ने अपनी पहली जीत हासिल की थी। 22 वर्षों से लेबनान में कब्जा जमाकर बैठे इजरायली सेना के जवानों को उन्होंने भगाया था। उसके बाद 2006 में भी लेबनान और इजरायल के बीच जंग हुई थी। उसमें भी 34 दिनों तक संघर्ष चला, फिर भी इजरायल तब भी हिजबुल्लाह को हरा नहीं सका था।

उल्लेखनीय है कि 27 नवंबर, 2024 को इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच युद्धविराम घोषित हुआ था। हाल ही में 1-2 मार्च, 2026 की देर रात हिजबुल्लाह संगठन ने उत्तरी इजरायल पर राकेटबारी की थी। उसके बाद फिर से युद्ध की शुरूआत हुई थी। 2 मार्च से 21 मार्च तक में हिजबुल्लाह ने 779 अटैक किए थे।

उसने प्रतिदिन औसतन 40 राकेट, मिसाइल और ड्रोन द्वारा हमले किए थे। उससे झुंझलाई लेबनान सरकार ने हिजबुल्लाह की सशस्त्र विंग पर प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन इस संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ता। वे इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलकर लड़ रहे हैं।

हिजबुल्लाह के बारे में समझने वाली बात यह है कि यह कोई सेना नहीं है। यह एक हथियारबंद गुट है। वे शिया समुदाय का हिजबुल्लाह नाम का एक सामाजिक संगठन हैं। वे अस्पताल चलाते हैं, स्कूल चलाते हैं और शहर की नगर पालिकाओं में भी दखल देकर लोगों के काम करवाते हैं। लेबनान की संसद में भी हिजबुल्लाह के सांसद हैं। लेबनान में जब भी कोई शिया परिवार मुश्किल में होता है तो सरकार से पहले यह गुट मदद करने पहुंच जाता है। उसके कारण ही समाज में उनकी गहरी छाप है और जुड़ाव है।

1982 की लड़ाई और अन्याय से शुरू हुआ यह संघर्ष ईरान की मदद, सीरिया जंग की सीख और लेबनान के लोगों की जरूरत ने उसे बल प्रदान किया है। इजरायल अब तक कई बार उसे कमजोर करने में सफल हुआ है, लेकिन कभी उसका अंत करके युद्ध जीत नहीं सका है।

हाल की बात करें तो इजरायल का अपना ही दावा है कि हिजबुल्लाह के पास लगभग 50,000 जितने सक्रिय लड़ाके हैं। इसके अलावा वे 30,000 से 50,000 जितने रिजर्व सैनिक भी रखते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें भी मैदान में उतारा जा सके। उसमें भी सैनिकों के विभिन्न भाग किए जाते हैं। हिजबुल्लाह संगठन में सबसे भयानक और खतरनाक 'रिजवान फोर्स' कही जाती है। हिजबुल्लाह उसे 'एलीट स्पेशल फोर्स' मानता है। उसमें लगभग 5,000 जितने स्पेशल लड़ाके हैं। उसमें से 3,000 लड़ाके और बाकी के 2,000 उनके सपोर्ट स्टाफ जैसे हैं। उनके पास एंटीटैंक मिसाइलें हैं। इसके अलावा वे टारगेट ध्वस्त करके किसी भी देश में और विशेष रूप से इजरायल में घुसकर हमले करने में भी एक्सपर्ट हैं। उन्हें उसके लिए ही विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाता है।

जानकारों के अनुसार हाल ही में शुरू हुए युद्ध से पहले हिजबुल्लाह के पास लगभग दो लाख जितने राकेट और मिसाइलें थीं। युद्ध के दौरान उनकी संख्या में कमी आई है, फिर भी वर्तमान में भी हिजबुल्लाह के पास 50,000 के आसपास ये हथियार बचे होंगे। आज भी यह संगठन हर दिन दर्जनों राकेट और मिसाइल छोड़कर इजरायल को छका रहा है। इसके अलावा उनके पास शॉर्ट रेंज के 'कत्युशा' और 'ग्राड' राकेट हैं। उनकी संख्या भी हजारों में है। ये राकेट लेबनान में ही बनाए जाते हैं। दूसरी ओर 150 किलोमीटर तक की रेंज वाली मिसाइलें हैं। इसके अलावा 'कोर्नेट' जैसी एंटीटैंक रूसी मिसाइलें हैं। वे इजरायल के 'मकार्वा' टैंकों को नष्ट कर देती हैं। इसके अलावा 1000 जितने 'वन वे अटैक ड्रोन' हैं। ये ड्रोन एक बार लॉन्च होने के बाद टारगेट पर जाकर ही रुकते हैं। उनके पास हथियारों की कोई कमी नहीं है।

दूसरी ओर ईरान की ओर से उन्हें आर्थिक फंड मिलता रहता है। इसके अलावा ईरान की तरफ से हथियारों की तस्करी, सीक्रेट फंडिंग चैनल द्वारा पैसे और [illegible] द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है। ईरान इस संगठन को साल में 100 करोड़ डालर जितना फंड देता है या उतनी राशि तक की मदद करता है।

खास बात यह है कि, हिजबुल्लाह के लड़ाके छोटी-छोटी टोलियां बनाकर काम करते हैं। वे जानबूझकर ही आधुनिक टेक्नोलॉजी के वायरलेस और अन्य रेडियो उपकरणों का उपयोग नहीं करते ताकि इजरायल की सेना उन्हें ट्रैक न कर सके। वे इस तरह से नेटवर्क बनाते हैं कि शायद कमांडर की मौत भी हो जाए तो बाकी की सेना लड़ती रहती है। वे मानते हैं कि केवल सिर कटने से शरीर मरता नहीं है। वे अपनी तरह से काम करते रहते हैं। हिजबुल्लाह ने लिटानी नदी के उत्तर में और बेका घाटी में एक विशाल सुरंग नेटवर्क बनाया हुआ है। इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार वे बहुत ही गुप्त नेटवर्क रखते हैं। उनकी ये सुरंगें इजरायल के हवाई हमले से भी सुरक्षित हैं। उसमें हथियार, मिसाइलें, कमांड सेंटर और बाकी सब कुछ रखा गया है।

इन लोगों की दूसरी तकनीक ऐसी है, जो इजरायल को ज्यादा परेशान करती है। वे अपनी मिसाइल, हथियार और सामग्री बेका घाटी, बेरूत के शिया इलाकों में सामान्य लोगों के बीच और गांवों में छिपाकर रखते हैं। इजरायल उसे नष्ट करने जाए तो सामान्य लोगों की जान जाए और पूरी दुनिया में इजरायल के खिलाफ रोष फूट पड़े।

ये लड़ाके अब ड्रोन का भी उपयोग करने लगे हैं। हाल के युद्ध में उन्होंने ड्रोन का उपयोग 26 प्रतिशत जितना किया है। इससे पहले 2024 के युद्ध में ड्रोन का उपयोग केवल 7 प्रतिशत जितना था। ये ड्रोन सस्ते होने के अलावा इजरायल के 'आयरन डोम' को थका देते हैं। इजरायल का सिस्टम थक जाए, उसके बाद भी वे हमले करते हैं और इजरायल को नुकसान पहुंचाते हैं। वे खुद भी कुछ राकेट और ड्रोन बनाते हैं। उसके कारण कई बार उन्हें बाहरी हथियारों की जरूरत नहीं पड़ती।

इजरायल की सेना '[illegible]' दुनिया की श्रेष्ठ सेनाओं में स्थान रखती है, फिर भी जब वह हिजबुल्लाह के सामने उतरती है, तब उसे पूर्ण जीत नहीं मिलती। उसे अधूरी जीत के साथ ही युद्ध छोड़ना पड़ता है। उसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं।

सबसे पहला कि साउथ लेबनान के पहाड़ों और घाटियों में इजरायली टैंक और बड़े हथियार नहीं जा सकते या तो फंस जाते हैं। हिजबुल्लाह के लड़ाके वहीं पैदा हुए हैं और वहीं उनका जीवन बीता है, इसलिए वे तमाम इलाकों को अच्छी तरह जानते हैं और उसका उपयोग करते हैं। बड़ी बात यह है कि हिजबुल्लाह कभी इजरायली सेना के साथ आमने-सामने का युद्ध नहीं करता। वे गुरिल्ला युद्ध पद्धति के लिए जाने जाते हैं। वे छिपकर इजरायली सेना को फंसाते हैं और हमले करके मुश्किल में डालते हैं। इजरायली सेना द्वारा पिछले डेढ़ साल में हसन नसरल्लाह सहित कई कमांडरों को मारा गया है, फिर भी हिजबुल्लाह संगठन को कोई फर्क नहीं पड़ा है।

उसके पास कमांडरों की कमी हुई है लेकिन संगठन टूटा नहीं है। उनके पास हथियारों का बड़ा स्टॉक है और बफर स्टॉक भी है। पिछले युद्ध में इजरायल ने हिजबुल्लाह के 50 प्रतिशत हथियार नष्ट कर देने का दावा किया था, फिर भी यह संगठन आज की तारीख में युद्ध कर रहा है। वे अपने हथियार बनाते हैं और दूसरी ओर सीरिया और अन्य समुद्री रास्तों से हथियारों की तस्करी करके लाते हैं। उनके पास हथियार कभी खत्म हों वैसा नहीं है।

# बैशाखी: खालसा पंथ की स्थापना हुई थी बैशाखी पर!



डॉ श्रीगोपाल नारसन
लेखक

बैसाखी सिखों का पवित्र त्योहार है।सन1699 में इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस पंथ की स्थापना का लक्ष्य धर्म और नेकी के रास्ते पर चलना और उसका पालन करना है।

किसान अपनी फसल काटने की खुशी में यह त्योहार मनाते हैं , पंजाब में इस दिन गिद्दा-भांगड़ा किया जाता है। इस दिन को सिक्खों के नए साल के रूप में भी मनाये जाने की भी परंपरा है।

बैसाखी, जिसे मेष संक्रांति भी कहा जाता है, भारतीय भारतीय समाज की संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह दिन न केवल कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि सिखों के लिए एक ऐतिहासिक और धार्मिक दिवस है।

इस दिन का उत्सव कृषि, समाज, और धर्म के संगम का प्रतीक है, जहां लोग खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं।

बैसाखी का पर्व भारतीय संस्कृति की विविधता और एकता को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस साल यह पर्व 13 अप्रैल, को मनाया जा रहा है। इस दिन की महत्ता कृषि क्षेत्र में काम करने वाले किसानों के लिए बहुत अधिक है, क्योंकि यह नई फसल की बुवाई और कटाई का समय होता है। यह दिन खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है।

बैसाखी पर सिख धर्मावलंबी गुरुद्वारों में विशेष पूजा और अरदास करते हैं। इस दिन विशेष रूप से गुरुद्वारों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और नगर कीर्तन की परंपरा निभाई जाती है।

लोग इस दिन को अपने पवित्र कर्तव्यों को याद करने, गुरु के बताए मार्ग पर चलने और धर्म के प्रति अपनी आस्था को और गहरा करने का अवसर मानते हैं।

बैसाखी का पर्व सिख धर्म के लिए एक समय होता है जब वे अपने गुरु की शिक्षा और खालसा पंथ के महत्व को मानते हुए एकजुट होते हैं और समाज में शांति, भाईचारे और समानता का प्रचार करते हैं।

बैसाखी रबी की फसल उत्सव है, जिसका कृषि महत्व के साथ-साथ धार्मिक महत्व भी है। यह त्योहार भगवान इंद्र की पूजा से जुड़ा है, जिन्हें बारिश और उर्वरता का देवता माना जाता है।

इस दिन, किसान अपनी भरपूर फसल के लिए भगवान इंद्र को धन्यवाद देते हैं और अपनी भविष्य की फसलों के लिए अच्छी बारिश की प्रार्थना करते हैं। बैशाखी के दिन की शुरूआत गंगा नदी या अन्य पवित्र नदियों में पवित्र डुबकी लगाने से होती है, इसके बाद गुरुद्वारों में जाकर प्रार्थना की जाती,मत्था टेका जाता है।

लोग नए कपड़े पहनते हैं और अपने प्रियजनों के साथ मिठाइयाँ और उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। बैसाखी के मुख्य अनुष्ठानों में से 'भांगड़ा' और 'गिद्दा' का प्रदर्शन भी है, जो पारंपरिक पंजाबी नृत्य हैं।

जिसके माध्यम से फसल के मौसम की खुशी और उत्सव को दशार्ते हैं। इस अवसर पर लोग विशेष व्यंजन भी तैयार करते हैं जैसे 'लंगर', गुरुद्वारों में परोसा जाने वाला सामुदायिक भोजन, और 'खीर', ताजा गुड़ से बना मीठा चावल का हलवा बनाया जाता है। बैसाखी सिर्फ एक त्योहार नहीं है; बल्कि यह लोगों के जीवन में खुशियों का प्रतीक है।

यह सिख धर्म मे नए साल की शुरूआत का प्रतीक है और एक नए कृषि मौसम की शुरूआत का भी प्रतिनिधित्व करता है। यह त्योहार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सन 1699 में गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ के गठन की याद दिलाता है।

इसलिए, बैसाखी को खुशी, आशा और नई शुरूआत के दिन के रूप में मनाया जाता है।बैसाखी पर्व, जो व्यक्तियों को अपनी यात्रा पर विचार करने, नकारात्मकता को त्यागने और सकारात्मकता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। बैसाखी भरपूर फसल के लिए कृतज्ञता की भावना, समुदाय की भावना को बढ़ावा देने और लोगों के बीच खुशियों को साझा करने की भावना का प्रतीक है।

यह श्रम के फल का आनंद लेने, ढोल की थाप पर नृत्य करने और शानदार पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेने का समय है।

एक बार 10वें सिख गुरु ने पूछा कि हजारों की भीड़ में कौन धर्म के लिए मरने को तैयार है। आखिरकार पाँच लोग स्वेच्छा से आगे आए और गुरु गोबिंद सिंह ने उन्हें बपतिस्मा दिया, जिसके बाद वे खालसा समूह के पहले पाँच सदस्य यानि पंच प्यारे बन गए।

# बाराबंकी से बहराइच तक का राजमार्ग सीमा पार व्यापार का महत्वपूर्ण आधार बनेगा

**संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** भारत और नेपाल दक्षिण एशिया के सबसे सक्रिय भू व्यापारिक संबंधों में से एक साझा करते हैं भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है यह नेपाल के कुल व्यापार का 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है जो दोनों देशों के बीच गहरी आर्थिक परस्पर निर्भरता को दशार्ता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग -927 के 4 लेन वाले आधुनिक पहुंच नियंत्रित (एक्सेस कंट्रोल्ड) बाराबंकी-बहराइच खंड के निर्माण को मंजूरी देने से भारत और नेपाल के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण रूपाईडीहा लैंड पोर्ट और निकटवर्ती नेपालगंज तक बेहतर सम्पर्क प्रदान करके इस परियोजना से सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलने, क्षेत्रीय आजीविका को समर्थन मिलने और दोनों पड़ोसी देशों के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। विभिन्न सीमा बिंदुओं में रूपाईडीहा-नेपालगंज मार्ग की विशेष भूमिका है भारत से नेपाल को होने वाले अधिकांश निर्यात इसी सीमा मार्ग से होते हैं। नए एनएच -927 से अधिक सम्पर्क सुविधा से आने वाले वर्षों में इस मार्ग के माध्यम से व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## दो देशों के बीच खाद्य और कृषि व्यापार को समर्थन देना

इस कॉरिडोर के माध्यम से भारत-नेपाल व्यापार का एक महत्वपूर्ण पहलू कृषि और खाद्य उत्पादों की आवाजाही है। चावल, गेहूं, सब्जियां, दुग्ध उत्पाद और पशुओं के चारे से भरे ट्रक नियमित रूप से भारतीय बाजारों से नेपाल की ओर जाते हैं जिससे दैनिक आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होती है। इस राजमार्ग परियोजना से परिवहन समय में लगभग 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है जिससे बाराबंकी और बहराइच के बीच यात्रा का समय लगभग 150 मिनट से घटकर 75 मिनट हो जाएगा जबकि वाहनों की गति 40 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 80 किमी प्रति घंटे हो जाएगी। तेज गति से यात्रा करने से सब्जियों और दुग्ध उत्पादों जैसे जल्दी खराब होने वाले सामानों की बबार्दी कम होगी जिससे सीमा के दोनों ओर के किसानों और व्यापारियों को सीधा लाभ होगा। बेहतर सम्पर्क सुविधा से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के किसानों को नेपाल के बड़े बाजारों तक पहुंचने में भी मदद मिलेगी जिससे संभावित रूप से आय में वृद्धि होगी और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में कमी आएगी।

## आवश्यक वस्तुओं की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करना

कृषि उत्पादों के अलावा यह कॉरिडोर दवाओं और उपभोक्ता वस्तुओं जैसी आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही में भी सहायक है ये वस्तुएं नेपाल की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और निर्बाध परिवहन मार्ग स्थिर आपूर्ति श्रृंखला बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। सीमा पर पहले हुई बाधाओं ने सुचारू परिवहन बुनियादी ढांचे के महत्व को दशार्या है कई बार जब व्यापार में रुकावट आई तो सब्जियां, ईंधन और अन्य सामान ले जा रहे सैकड़ों ट्रक फंस गए जिससे रोजाना करोड़ों का नुकसान हुआ और व्यापारियों तथा उपभोक्ताओं दोनों को परेशानी हुई। आधुनिक पहुंच-नियंत्रित राजमार्ग के बनने से ऐसी देरी में काफी कमी आने की उम्मीद है जिससे माल की आवाजाही तेज होगी और परिवहन लागत कम होगी।

## सामग्री प्रबंधन विकास को बढ़ावा देना

बेहतर सड़क नेटवर्क रुपाईदिहा में लॉजिस्टिक्स सुविधाओं के विकास में सहायक होगा जहां दैनिक ट्रक आवागमन में उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है जो सीमा पार व्यापार की मात्रा में मजबूत वृद्धि की संभावना को दशार्ता है। इस बढ़े हुए आवागमन से कॉरिडोर के साथ-साथ भंडारण, परिवहन सेवाओं और लॉजिस्टिक्स व्यवसायों के लिए अवसर पैदा होंगे।

## सीमावर्ती समुदायों के जीवन में परिवर्तन

बाराबंकी-बहराइच राजमार्ग का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव शायद बहराइच जिले और आसपास के क्षेत्रों जैसे सीमावर्ती जिलों में रहने वाले लोगों पर पड़ेगा।

रूपाईडीहा के पास के कस्बों में स्थित सीमावर्ती बाजार सीमा पार से आने वाले ग्राहकों पर काफी हद तक निर्भर हैं कुछ स्थानीय व्यवसायों का कहना है कि उनकी अधिकांश बिक्री नेपाली खरीदारों पर निर्भर करती है।

## राजमार्ग संपर्क में सुधार से निम्नलिखित लाभ होने की उम्मीद है

व्यापारियों के लिए अधिक व्यावसायिक अवसर परिवहन और सामग्री प्रबंधन में रोजगार में वृद्धि होटलों, भोजनालयों और छोटे खुदरा दुकानों में बढ़ोतरी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बाजारों तक बेहतर पहुंच ट्रक चालकों, किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए, बेहतर सड़कें अधिक आय, कम लागत और अधिक विश्वसनीय आय के अवसर उपलब्ध कराती है।

# गौरैया संरक्षण के लिए और अधिक प्रयासों की जरूरतः- बोहरा



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बाड़मेर राजस्थान।** थार में भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही पशु-पक्षियों के हलक तर को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से शहर भर में जल कुण्डिया एवं परिंडे लगाए जा रहे हैं। जिस कड़ी में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में वार्ड संख्या 10 महावीर सर्किल क्षेत्र में संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन एवं मोहल्ले वासियों की उपस्थिति में पेड़ों व घरों की छतों पर परिण्डे एवं चबूतरे लगाए गए।

संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पशु-पक्षियों के प्रति दया भाव रखते हुए उनके हलक तर का विशेष ध्यान रखना होगा। जिसको लेकर जीव दया प्रेमियों द्वारा काफी प्रयास व कार्य किये जा रहे हैं, जो प्रशंसनीय व सराहनीय है। वहीं अमन ने कहा कि गौरैया संरक्षण के लिए हमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है ताकि इन अबोल जीवों को पर्याप्त भोजन एवं पानी मिल सके। यही मनुष्य का पहला धर्म है। इस दौरान मुकेश अमन, सम्पतराज बोथरा, भरत वडेरा, पंकज वडेरा, गौतम भंसाली, वीणा सिंघवी सहित मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

# धरमघर महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

## कलश यात्रा एवं सुंदर आकर्षक झांकियों के साथ धरमघर में निकली भव्य झांकी

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**






**धरमघर।** परसिलाल वर्मा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले की सीमा पर स्थित सुंदर सुरम्य और शांत वादियो में स्थित हिल स्टेशन धरमघर में धरमघर महोत्सव की शुरूआत हो गई है। कलश यात्रा एवं सुंदर आकर्षक झांकियों के साथ नगर में आकर्षक झांकी निकाली गई।महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा में भाग लिया।महोत्सव में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्रों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी मेलार्थियों का मनमोहा।

11 से 13अप्रेल तक चलने वाले तीन दिवसीय महोत्सव में कुंमाऊं एवं गढवाल के प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं स्थानीय कलाकार प्रतिभाग अपनी रंगारंग पस्तुति से सभी महोत्सव में चार चांद लगाएंगे। महोत्सव का उद्घाटन भाजपा के युधिष्ठिर समझे जाने वाले पूर्व कैविनेट मंत्री बलवंत भोंर्याल एवं गंगोलीहाट विधायक फकीर राम टम्टा ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र की सँस्कृति, और पुरातन सँस्कृति को पुनर्जीवित रखने में महोत्सव नींव का पत्थर साबित हो रहे हैं। महोत्सव के माध्यम से लोगों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से एकजुटता का भाव बढ़ता है। उन्होंने आयोजन समिति को इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महोत्सव समिति के अध्यक्ष गोकुल पंचपाल, सचिव केदार महर, जिपं सदस्या ज्योति राठौर, किशन राठौर, हिमांशु राठौर, चेतन धर्मशक्तु ,भरत लस्पाल, धीरज महरा, ज्ञनोज पाठक, विक्रम शाही ,योगेश हरड़िया, धन सिंह भौर्याल, हेम पाठक, शेखर जोशी, कांडा थानाध्यक्ष दीपक पंत सहित अनेक गण मान्य लोग मौजूद थे।

# आरएसएमटी के इन्नो-विजन 2026 प्रतियोगिता में छात्रों की प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन



**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** राजर्षि स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आरएसएमटी) के उद्यमिता प्रकोष्ठ द्वारा इन्नो-विजन 2026 प्रतियोगिता का आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी निदेशक प्रोफेसर अमन गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। प्रतियोगिता में बीबीए, बीसीए, एमसीए एवं एमबीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने नवोन्मेषी व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए जिनका मूल्यांकन नवाचार, व्यवहार्यता, विस्तार क्षमता, प्रस्तुतीकरण कौशल तथा सामाजिक प्रभाव के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ आशुतोष गुप्ता, रसायन विज्ञान विभाग, उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी तथा डॉ.देव नारायण, कृषि विज्ञान विभाग, उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी एवं पी.एन.सिंह, विभागाध्यक्ष, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आरएसएमटी ने प्रतिभागियों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की।

इस प्रतियोगिता में प्रथम बीबीए फाइनल ईयर की आयुषी दुबे और देविका सिंह, द्वितीय एमबीए से कुमकुम सिंह, खुशी सिंह और आशु यादव और तृतीय सोनम यादव और शिवाली राय रहीं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संचालन एमबीए अंतिम वर्ष की विद्यार्थियों हर्षिता शर्मा एवं हिमांशु सिंह ने किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.विनीता कालरा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# सेवरही नगर पंचायत की सड़के हुई गड्ढे में तब्दील अधिकारी मौन





**धनदयाल पाण्डेय**

**कुशीनगर(वेलकम इंडिया)।** भाजपा सरकार में आते ही गड्ढा मुक्त सड़क का ऐलान की थी और सड़के बनी भी लेकिन कुछ सड़के हैं जो अभी भी गड्ढे में तब्दील है और उच्च अधिकारी मौन धारण किए हुए आपको बताते चले कि सेवरही नगर पंचायत की मुख्य सड़क माल गोदाम चौराहे से लेकर रेलवे ढाला तक की सड़के गड्ढे में तब्दील हो गई है। गड्ढे की मरम्मत न होने से कई लोग हुए जख्मी सड़क पर हुए गड्ढे की मरम्मत न होने से लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है तथा आने जाने वालों को दुर्घटना की समस्याएं बनी रहती है क्योंकि मुख्य मार्ग गड्ढे में तब्दील हो गया है जिसके कारण प्रतिदिन कोई ना कोई जख्मी हो जाता है।

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सड़क पर बने गड्ढे की मरम्मत के लिए अधिशासी अधिकारी को सौंपा पत्रक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हिमांशु जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्रक देकर बताया कि नगर पंचायत की मुख्य मार्ग माल गोदाम चौराहे से लेकर रेलवे ढाला तक की सड़कों की जर्जर स्थिति गड्ढे, और लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक हैं। जिसे लेकर वाहन चालक तथा राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा आने वाली बरसात के दिनों में पानी भरने तथा अन्य दुर्घटनाएं की भी संभावना है।

# मंगलम सीमेंट लिमिटेड में पूज्यश्री का पदार्पण



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**मोरक।** परम पूज्य अवंति तीर्थोद्धारक राष्ट्ररत्न खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभसूरीश्वरजी म.सा., पूज्य गणिवर्य श्री मयंकप्रभसागरजी म.सा., पूज्य मुनि श्री विरक्तप्रभसागरजी म.सा. आदि ठाणा 3 का दिनांक 11 अप्रैल 2026 को मंगलम सीमेंट लिमिटेड, मोरक में मंगलमय पदार्पण हुआ। उनके आगमन पर ग्रामवासियों ने गुरुदेवश्री से प्रवचन की विनंती की, जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए गुरुदेवश्री ने वाचना में फरमाया कि आत्मा का उत्थान कैसे हो तथा जीव मोक्षमार्ग पर किस प्रकार अग्रसर हो–इस विषय पर गहन एवं प्रेरणादायक विवेचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर मंगलम सीमेंट लिमिटेड के अध्यक्ष सुनीलजी सच्चान, वरिष्ठ संयुक्त अध्यक्ष अनिलजी मंडोत, पी.आर. चौधरी, रामगंजमंडी के स्थानकवासी संघ के महामंत्री अजीतजी पारख सहित अनेक श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित





स्याना.महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती के उपलक्ष्य में महालक्ष्मी हॉस्पिटल आई केयर एण्ड ट्रामा सेन्टर तथा डॉ बी आर अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष आशीष कुमार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई तथा कैंप का लाभ उठाया। बताया कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती के उपलक्ष्य मे उक्त कैंप स्थानीय अंबेडकर पार्क में आयोजित किया गया। मालूम हो कि डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में साप्ताहिक मेला कार्यक्रम चल रहा है, जिसकी कड़ी में उक्त आयोजन किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प में निःशुल्क नेत्र जाँच व इलाज, ईसीजी जाँच, मोतियाबिन्द जाँच, शुगर की जाँच, काले मोतियाबिन्द की जाँच कर बुजुर्गो को आँखो के चश्में दिए गए। रेटीना एंव कॉर्निया का परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया। दवाईयों का वितरण चिकित्सकों की सलाह पर किया गया। स्याना के चांदपुर चुंगी स्थित अंबेडकर पार्क पर आयोजित फ्री हेल्थ कैंप का उद्घाटन डॉ राहुल (डायरेक्टर महालक्ष्मी हॉस्पिटल आई केयर एंड ट्रॉमा सेंटर) ने किया। उद्घाटन के दौरान सुश्री डॉ शिवानी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ संदीप मलिक, डॉ कपिल वशिष्ठ , डॉ फैजल, डा हारिज, प्रिंस एवं सहयोगी स्टाफ मौजूद रहे। देवानंद गौतम, डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार, पंकज विमल, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी जयप्रकाश सिंह, डॉ नितिन उर्फ गोलू, अंकुश कुमार, मास्टर हरकेश सिंह, रज्जन कुमार, संदीप कुमार, सुशील कुमार भी मौजूद रहे। इससे पूर्व रात्रि के दौरान संगीत संध्या आयोजित की गई जिसका बड़ी संख्या में नागरिकों ने आनंद उठाया। रात्रि संगीत संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सभासद बिजेंद्र कुमार उर्फ बंटी रहे।

# मुस्तफाबाद में गूंजा गौ महिमा का संदेश, कथावाचक मोहम्मद फैज खान ने किया भावपूर्ण वर्णन




**संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** प्रबुद्धजन काशी न्यास के तत्वावधान में दुर्गा जी मंदिर प्रांगण, मुस्तफाबाद में आयोजित भव्य गौ कथा में कथावाचक मोहम्मद फैज खान ने गौ माता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को सभी देवी-देवताओं की जननी माना गया है और गौ हमारी आस्था, संस्कृति एवं जीवन का आधार है उन्होंने गोत्र विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि सनातन परंपरा में विवाह के लिए गोत्र का विशेष महत्व है। गोत्र केवल एक सामाजिक व्यवस्था नहीं, बल्कि वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि ह्लगोत्रह्व का तात्पर्य ह्लगाय के त्राणह्व से है जो संरक्षण और संवर्धन की भावना को दशार्ता है।

कथावाचक ने उदाहरण देते हुए बताया कि हमारे देश की प्रमुख नदियां जैसे गंगा नदी, गोमती नदी, गोदावरी नदी, नगरों जैसे गोरखपुर, गोपालपुर तथा पर्वतों जैसे गोवर्धन पर्वत के नामों में भी ह्लगोह्व शब्द की व्यापक उपस्थिति भारतीय संस्कृति में गौ के महत्व को दशार्ती है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि यह केवल धार्मिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने का दायित्व भी है। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय एवं प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप शशि भूषण सिंह, विश्वजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, जीतू, गुलाब, उदय प्रताप सिंह, पिंटू सिंह, देवी सिंह, बैंक सिंह, सीताराम सिंह, सीताराम सिंह, वंश नारायण सिंह, पप्पू सिंह, पेशकार खान, सतीश तिवारी, रितेश श्रीवास्तव, लोकपति सिंह, विनय कुमार सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.संजय सिंह गौतम ने किया।

# विधायक अशोक कुमार ने नवनिर्मित खाद्य गोदाम का किया उद्घाटन

**नितिन शर्मा**



**धामपुर(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्रीय विकास और किसानों की समृद्धि की दिशा में आज का दिन एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में अंकित हो गया। जब सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, जनपद बिजनौर के अंतर्गत ग्राम मोरना में नव-निर्मित खाद गोदाम का शुभारंभ विधायक अशोक कुमार राणा के कर-कमलों द्वारा विधिवत संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन, सभी सम्मानित डायरेक्टरगण, क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक बंधु एवं ग्राम मोरना सहित आसपास के ग्रामों से भारी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। यह खाद गोदाम केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय किसानों के सशक्तिकरण, उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति एवं कृषि विकास की नई दिशा का प्रतीक है। इस गोदाम के शुभारंभ से मोरना संचालक क्षेत्र के लगभग 30 गांवों के किसानों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

अब किसानों को खाद, उर्वरक एवं विभिन्न कृषि उपयोगी दवाइयां सुलभता से उपलब्ध हो सकेंगी, वह भी लगभग 50% तक की रियायती दरों पर। इससे न केवल किसानों की लागत में कमी आएगी, बल्कि उनकी उत्पादन क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह का यह प्रयास क्षेत्र के कृषकों के हितों के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं समर्पण का परिचायक है। यह पहल निश्चित रूप से किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में मील का पत्थर सिद्ध होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। इस पुनीत कार्य के लिए विधायक अशोक कुमार राणा एवं सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर के समस्त पदाधिकारियों को हृदय से धन्यवाद एवं साधुवाद। आशा है कि ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर होते रहेंगे और हमारा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करता रहेगा। इस मौके पर अमित कुमार पांडे वरिष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, विनोद कुमार सिंह सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर, पंडित कैलाश शर्मा, वीरेंद्र कुमार सिंह सचिव देवता महाविद्यालय मोरना, दिनेश शर्मा, कवि कुमार, माया देवी, विमला देवी, दीपक कुमार, रोहतास सिंह, अभिषेक कुंवर, प्रंकुल कुमार, पवनीत कुमार, सुशील चौहान आदि किसान मौजूद रहे।

# जनजागरण से निर्णायक चरण की ओर बढ़ता श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन- महेंद्र प्रताप

## 2000 किमी की यात्रा के बाद मथुरा में हुआ समापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन अब एक संगठित जनअभियान के रूप में उभरता नजर आ रहा है। उत्तर, दक्षिण और पश्चिम भारत में व्यापक जनजागरण के बाद तीसरे चरण की रथ यात्रा शनिवार को मथुरा पहुंची, जहां इसे आंदोलन के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। रामेश्वरम से पंढरपुर होते हुए करीब 2000 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंची इस यात्रा ने देशभर में 125 से अधिक स्थानों पर सभाओं के माध्यम से मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया।

मथुरा पहुंचने पर यात्रा में शामिल संतों और यात्रियों ने सबसे पहले श्री कृष्ण जन्मभूमि स्थल पर दर्शन किए और उसके बाद सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सभा में भाग लिया। यहां श्री कृष्ण जन्मभूमि प्रकरण के हिन्दू पक्षकार एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट की अगुवाई में यात्रा का औपचारिक स्वागत किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए संयुक्त भारतीय धर्म संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य राजेश्वर जी महाराज ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक संगठित जागरूकता अभियान है, जिसका उद्देश्य देश के आमजन तक श्री कृष्ण जन्मभूमि की वास्तविक स्थिति को पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान



विभिन्न राज्यों में लोगों का व्यापक समर्थन मिला और अधिकांश लोगों ने मूल गर्भगृह स्थल पर मंदिर निर्माण की आवश्यकता पर सहमति जताई।

महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने अपने संबोधन में श्री कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े ऐतिहासिक घटनाक्रम, मंदिर ध्वंस और वर्तमान न्यायिक प्रक्रिया का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आंदोलन अब केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्तर पर संवाद का विषय बन चुका है। साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि आगामी समय में इस जनसमर्थन को संगठित दिशा देने के लिए रणनीति और तेज की जाएगी।

चिंतामणि कुंज, वृंदावन के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद जी महाराज ने यात्राओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और इससे आंदोलन को व्यापक आधार मिलता है। पद्मश्री डॉ. लक्ष्मी गौतम ने नारी शक्ति की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि महिलाओं को इस विषय की जानकारी परिवार के प्रत्येक सदस्य तक पहुंचानी चाहिए, जिससे सामाजिक स्तर पर जागरूकता और मजबूत हो।

संत श्यामानंद जी महाराज ने इसे दीर्घकालिक प्रयास बताते हुए कहा कि यह आंदोलन निरंतर जनसहयोग से आगे बढ़ रहा है। वहीं हिमालय क्षेत्र से आए संत गणेश दत्त जी महाराज ने विश्वास जताया कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। मथुरा होटल एसोसिएशन के सचिव आर.बी. चौधरी ने भी एकजुटता को आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत बताया। कार्यक्रम के अंत में कुंवर दामोदर सिंह ने यात्रा में शामिल सभी संतों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया और आंदोलन की सफलता की कामना की। इस अवसर पर पंडित नंदकिशोर दयालपुरा, त्रिकाल स्वामी भूपेश चौबीसा, डॉ. लता शर्मा, वंदना शर्मा, प्रदीप जैन सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, संत-समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय ग्राम कोटा में शिक्षक चौपाल सफलतापूर्वक आयोजित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** न्याय पंचायत बाटी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कोटा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर टीआरपी डोरी लाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, लघु नाटिका आदि। उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में करने का अनुरोध किया गया। आरपी डोरीलाल शर्मा ने कहा के शासन धनराशि का आवंटन अभिभावकों के खाते में जमा करने के साथ निशुल्क पाठ्य पुस्तक मध्यान भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है जिसके क्रम में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराकर सभी बच्चों को शिक्षित करने की योजना में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मनीष शर्मा, रेनू चौधरी, राजकुमार गौतम, अनीता शर्मा, जगदीश प्रसाद, मंजू सिंह, रूबी भाटिया, राजकुमार गौतम, मधुसूदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली कथा है श्रीमद्भागवत : जगदीश चन्द्र शास्त्री महाराज

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** चैतन्य विहार फेस-1/पापड़ी चौराहा स्थित भागवत कृपा धाम आश्रम में श्रीवल्लभाचार्य जी सेवा प्रचार ट्रस्ट, वृन्दावन के द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य महाराज का 549वां प्राकट्य महोत्सव अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से प्रख्यात भागवतोपासक जगदीश चन्द्र शास्त्री महाराज ने अपनी सरस वाणी के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का रसास्वादन कराया।

व्यास पीठाधीन श्रद्धेय जगदीश चन्द्र शास्त्री महाराज ने श्रीमद्भागवत की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य में



भक्ति, ज्ञान तथा वैराग्य की महानता को दशार्या है। भगवान की समस्त लीलाओं और अवतारों की कथाओं का ज्ञान कराने वाली यह कथा सकाम कर्म, निष्काम कर्म, ज्ञान साधना, सिद्धि साधना, भक्ति, अनुग्रह, मयार्दा, द्वैत-अद्वैत, निर्गुण-सगुण का ज्ञान प्रदान करती है। वस्तुतः श्रीमद्भागवत महापुराण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अक्षय भंडार है। इसीलिए इस ग्रंथ के श्रवण करने से मनुष्य के समस्त पापों का क्षय हो जाता है और भगवान की भक्ति सहज में ही प्राप्त होती है।

इस अवसर पर आयोजित नंदोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म से सम्बंधित भजनों व बधाईयों का संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य गायन किया गया।साथ ही खेल-खिलौने,रुपए-कपड़े, मेवा-मिष्ठान्न और वस्त्रादि लुटाए गए। इससे पूर्व यजमान परिवार के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीमद्भागवत महापुराण ग्रंथ एवं व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर उनकी आरती की। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, हनुमान प्रसाद जोशी (हिसार/अहमदाबाद), नंदकिशोर बजाज (पुणे), नरसिंह राठी (नागौर),डॉ. राधाकांत शर्मा, महोत्सव के व्यवस्थापक दीपक कुमार शर्मा, गोविन्द शर्मा, अनुराग शर्मा, राधा शर्मा, लक्ष्मी शर्मा एवं लीना शर्मा आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# ताजमहल पर बेहोश हुई महिला, पुलिस की तत्परता से बची जान



**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में क्विक रिस्पॉन्स टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत दिलाया उपचार ऑपरेशन ह्लटूरिस्ट डिलाइटह्व के तहत दिखी आगरा पुलिस की संवेदनशीलता कमिश्नर दीपक कुमार के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा प्राथमिकता पश्चिमी गेट पर अचानक गिरी महिला पर्यटक, मचा हड़कंप कोलकाता से आई 55 वर्षीय महिला को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा समय पर मदद से टली अनहोनी, परिजनों ने जताया आभार पुलिस की त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना।

# निषाद समाज के द्वारा शोभायात्रा निकाल कर मनाई निषादराज जी की जयंती

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/शेरगढ़।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी निषाद समाज के द्वारा निषाद महाराज जी की शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा के संदर्भ में निषाद समाज के जिला अध्यक्ष विवेक निषाद ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा कस्बे में स्थित मंगलेश्वर बगीची से आकर्षक बैंड बाजो साथ शुरू की गई निषाद मोहल्ला होते हुए कस्बे के मुख्य बाजार में पहुंची, यहां पर सर्वप्रथम डॉक्टर तुलाराम तिवारी के द्वारा और उनके साथ युवा समाजसेवी लोकेश गर्ग, गिरीश तिवारी, चाहत गोयल, दीपक बंसल, कपिल गर्ग, ने मिलकर अध्यक्ष मेघ श्याम निषाद स्मृति चिन्ह देकर व शॉल उड़ाकर भव्य स्वागत सम्मान किया और निषाद समाज के सभी लोगों का



स्वागत मिष्ठान वितरण कर किया। उसके बाद इस शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह अन्य समाज वा अन्य समाजसेवियों के द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया गया। शोभायात्रा पटेल चौक होते हुए वापस मंगलेश्वर बगीची पर पहुंची वहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गय। शोभा यात्रा में बीर नारायण निषाद, संतोष कश्यप, कमल सिंह निषाद, धनो मेंबर, रामलाल, महेश राजपूत, कुमारपाल निषाद, गंगाराम निषाद, परशुराम निषाद, देवी चरण, चंदू निषाद, कान्हा निषाद, आदि सैकड़ो की संख्या में निषाद समाज के महिला पुरुष व बच्चे इस शोभा यात्रा में शामिल रहे।

# चित्रगुप्त पीठ पर शिव महापुराण कथा का विशाल भण्डारे के साथ हुआ समापन



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** राधाकुंड छटीकरा मार्ग पर जुलेंदी गांव में स्थित चित्रगुप्त पीठ पर चल रही शिवमहापुराण कथा का शनिवार को समापन हुआ।

समापन के दौरान दूर दराज से आए भक्तों ने पीठ के पीठाधीश्वर डॉ सच्चिदानंद महाराज के सानिध्य में हवन यज्ञ में आहुति दी। पीठ पर सवा लाख शिवलिंगों को ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए कुंड में विसर्जित किया गया।

उत्तराखंड के जागेश्वर धाम से लाए गए कोटेश्वर महादेव की विधि विधान से स्थापना की गई। उसके बाद आधा दर्जन से अधिक गांवों का भंडारा प्रसाद शुरू कराया गया। भंडारा प्रसाद ग्रहण करने के लिए काफी संख्या में भक्त और आस पास के ग्रामीण शामिल हुए।

भक्तों ने पीठ परिसर में बड़े आनंद के साथ प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आस पास गांव की सरदारी द्वारा पीठ के पीठाधीश्वर डॉ सच्चिदानंद महाराज का स्वागत सम्मान किया।

शुक्रवार को वृंदावन में हुए हादसे में करीब दस श्रद्धालुओं की जान गवाए जाने पर पीठ के महाराज द्वारा शोक प्रकट किया गया प्रशाशन से जल्द से जल्द जांच करने की बात कही और कहा कि प्रशाशन को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे आगामी भविष्य में ऐसी कोई घटना फिर न घटे और किसी भक्त की जान न जाए।

# श्रीकृष्ण सरोवर की सफाई के लिए रिफाइनरी प्रबंधन को ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम

## पर्यावरण को हानि पहुंचाने वाली इंडस्ट्रीज की लापरवाही नही की जाएगी वर्दाश्त : तरकर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा।** वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि बाद ग्राम स्थित श्रीकृष्ण सरोवर में नहर के रास्ते इंडस्ट्रीज का जहरीला केमिकल आने से सरोवर का पूरा जल दूषित हो गया है, जिससे सरोवर में मछलियों सहित अन्य जलीय जीव तड़प-तड़प कर दम तोड़ रही हैं। लेकिन इस ओर कोई भी इंडस्ट्री, शासन-प्रशासन, जनप्रतिनिधि मुड़कर भी नही देख रहे हैं।

वहीं जब श्रीकृष्ण सरोवर की समस्या के वारे में बाद ग्रामवासी दिनेश सिंह तरकर ने संबंधित विभागों को



अवगत कराया तो सभी विभाग एक-दूसरे पर अपनी जिम्मेदारियों को डालने लगे। जब ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया तो रिफाइनरी प्रबंधन ने भी कुम्भकर्णी नींद से जागकर कुछ अधिकारियों को श्रीकृष्ण सरोवर पर भेजा। दिनेश सिंह तरकर ने रिफाइनरी प्रबंधन के अधिकारियों को सरोवर की साफ-सफाई एवं जल निकासी के लिए जल्द से जल्द कार्य करने की बात कही, साथ ही कहा कि ब्रज की धरोहर है श्रीकृष्ण सरोवर।

और सरोवर मंडरा रहा यह पर्यावरण को दूषित करने का खतरा बहुत ही चिंताजनक है, जल्द से जल्द इसका समाधान होना चाहिए। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह इस मामले को रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल से वातार्लाप करके सरोवर के दूषित जल को जल्द से जल्द निकालकर सफाई कराएंगे, ताकि और अन्य जलीय जीवों को बचाया जा सके। लेकिन अभी तक कोई भी कार्य अमल में नही लाया गया है।

# सेवानिवृत प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** सनातन धर्म राम इंटर कॉलेज पीलीभीत में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सेवानिवृत प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें उनके उज्जवल भविष्य और स्वस्थ रहने की कामना की ,सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी , वीरेंद्र कुमार मिश्रा, मोहम्मद उस्मान को शाल उड़ाकर ,प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर डॉक्टर धनपाल शर्मा, जिला अध्यक्ष अखलाक हसन खान, डॉ योगेश कुमार जिला मंत्री कोषाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र गंगवार, हरिश्चंद्र ,राजेश कुमार, कमल मोहन पांडे, मोहम्मद जावेद मोहम्मद फिरोज, रोहतास गंगवार संजय गंगवार शोभा वर्मा, सुमन देवी , मीना कुमारी, लक्ष्मीकांत शर्मा सतीश चंद्र गंगवार आज प्रधानाचार्य उपस्थित रहे इस अवसर बरेली से आए मंडलीय मंत्री डॉ अजीत कुमार सक्सेना अपने अनुभवों को सजा करते हुए सभी के लिए स्वस्थ रहने की कामना की

# गुलड़िया भूपसिंह में ग्राम बस्ती संपर्क अभियान, योजनाओं की विधायक ने दी जानकारी

**लुकमान खान**

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** गुलड़िया भूप सिंह में ग्राम बस्ती संपर्क अभियान के तहत भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने कार्यकताओं के साथ घर-घर पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, घरेलू शौचालय व मुख्यमंत्री आवास योजना की विस्तार से जानकारी दी। शनिवार दोपहर 12 बजे विधायक बाबूराम पासवान ने बताया कि गांव गांव जाकर लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया

**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में आज पीलीभीत में कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता गैस चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने



नारेबाजी करते हुए हेमंता विश्वशर्मा का पुतला फूंका।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने इस बयान को न केवल व्यक्तिगत बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक मयार्दाओं के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि हेमंता का बयान भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को उजागर कर रहा है देश के एक जिम्मेदार पद पर बैठे मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि हेमंता विश्वशर्मा सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और भविष्य में इस तरह की बयानबाजी से बचें।कार्यकताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणियां जारी रहीं तो कांग्रेस पार्टी देशभर में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर मुनेंद्र सक्सेना छात्र कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वर्मा हरिशंकर कश्यप राकेश मिश्रा कमल कुमार गौड़ गौरव शर्मा श्री कृष्ण नंदकिशोर पाल मुन्नी मुशीर अहमद पुष्पेंद्र शुक्ला कामरान रिजवान इरफान उर्फ काके अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रांस यमुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी का ट्रक बरामद, बुलंदशहर गैंग के 4 शातिर चोर गिरफ्तार

**मयूर खान**

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** में थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने नगर जोन की रडक्ष् और सर्विलांस टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रक चोरी की एक बड़ी घटना का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झरना नाला क्षेत्र से चार शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का ट्रक बरामद किया है।

यह मामला 6 फरवरी 2026 को सामने आया था, जब वादी ने शिकायत



दर्ज कराई कि 4 फरवरी की रात उसका ट्रक ईंट मंडी के पास खड़ा था, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस पर थाना ट्रांस यमुना में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान गठित पुलिस टीम ने 11 अप्रैल को सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने टेडी बगिया, हाथरस रोड क्षेत्र से ट्रक चोरी किया था और लंबे समय बाद उसे बेचने की फिराक में थे। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आमिर, इमरान, गफुरान और नदीम के रूप में हुई है, जो बुलंदशहर जनपद के निवासी हैं। इनमें से गफुरान और आमिर पर पहले से कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें ठउ्रछर एक्ट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे मामले शामिल हैं।

### पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस सफल खुलासे में थानाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार, उ0नि0 अभिषेक तिवारी (प्रभारी सर्विलांस), उ0नि0 सोहनपाल सिंह (प्रभारी रडक्ष्), उ0नि0 हरीश कुमार, उ0नि0 प्रवीण कुमार, उ0नि0 हिमांशु सैनी, उ0नि0 हिमांशु तोमर, उ0नि0 मोहित कुमार सहित सर्विलांस टीम एवं रडक्ष् नगर जोन के अन्य अधिकारी/कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नगर जोन, कमिश्नरेट आगरा की इस कार्रवाई को वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# आचार्य पीठ टोपी कुंज में द्वादश दिवसीय जगद्गुरू श्रीनिंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य पाटोत्सव 17 अप्रैल से

**डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** रमणरेती-परिक्रमा मार्ग स्थित प्राचीन वन विहार (आचार्य पीठ टोपी कुंज) में अनंतश्री विभूषित जगद्गुरू निंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य सेवा समिति चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) के द्वारा जगद्गुरू श्रीनिंबाकार्चार्य श्रीमन्मुकुंद देवाचार्य पाटोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है।

जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि आचार्य पीठ-टोपी कुंज



के अध्यक्ष जगद्गुरू श्रीनिंबाकार्चार्य श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव के अंतर्गत 17 से 23 अप्रैल तक सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीमद्भक्तमाल पाठ पारायण होगा।इसके अलावा 24 से 26 अप्रैल पर्यंत सायं 04 बजे से त्रिदिवसीय समाज गायन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को श्रीधाम वृन्दावन की सुप्रसिद्ध कीर्तन मंडली के द्वारा एकादशी अखंड कीर्तन किया जाएगा। इसके अलावा 28 अप्रैल को संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ महोत्सव का समापन होगा।

आचार्य पीठ-टोपी कुंज के अध्यक्ष जगद्गुरू श्रीनिंबाकार्चार्य श्रीश्रीललिताशरण देवाचार्य महाराज ने समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं से इस आयोजन में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# चेकिंग के दौरान एक करोड़ तेरह लाख की हीरोइन संग तस्कर गिरफ्तार

## कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और नारकोटिक्स टीम को मिली कामयाबी

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सक्रिय थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नारकोटिक्स टीम और थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारसी मोड़ से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

पकड़े गए आरोपी के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये कीमत की 565 ग्राम हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के सख्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में भारसी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोककर पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें युवक के कब्जे से 565 ग्राम अवैध हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा 1800 रुपये की नकदी बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये आंकी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीबू पुत्र जब्बार निवासी दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के चलते यह कार्रवाई संभव हो सकी। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्त नीति और निरंतर निगरानी के कारण तस्करों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीएम ने किसान आईडी निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण, 100% पंजीकरण के दिए निर्देश



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा जनपद में अभियान चलाकर शत-प्रतिशत किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री करवाए जाने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज तहसील खलीलाबाद व मेहदावल क्षेत्र में भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री कार्य का सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित हल्का लेखपाल व पंचायत सहायक को शत-प्रतिशत किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्री कराए जाने में सहयोग का निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के समस्त किसान भाइयों को फार्मर आई0डी0/किसान पहचान पत्र बनाया जाना शासन द्वारा अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए अनिवार्य होगी। उल्लेखनीय है कि जनपद में दिनांक 06 से 15 अप्रैल, 2026 तक कैम्प लगाकर किसान पहचान पत्र/फार्मर आई0डी0 बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आज फार्मर रजिस्ट्री अभियान में प्रगति के दृष्टिगत खलीलाबाद तहसील के ग्राम हावपुर भाड़ारी में एवं मेहदावल तहसील के नन्दौर में फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का सत्यापन करते हुए संबंधित हल्का लेखपाल व पंचायत सहायक से प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# निषाद पार्टी के आईटी सेल प्रदेश सचिव ने छोड़ा पद, आजाद समाज पार्टी में हुए शामिल




वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शनिवार को मेहदावल क्षेत्र के बढ़या ठाठर स्थित खैरा देवी मंदिर परिसर में भाईचारा सम्मेलन का आयोजन मनीष निषाद के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान निषाद पार्टी (निर्बल भारतीय शोषित हमारा आम दल) के आईटी सेल के प्रदेश सचिव ने अपना पद छोड़कर आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष राम अनुज फौजी ने बहुजन विचारधारा से अवगत कराते हुए मनीष निषाद को पार्टी की सदस्यता दिलाई।इस अवसर पर अवनीश निगम (प्रदेश संगठन मंत्री), अजय गौतम सुल्तान (जिलाप्रभारी), अमरेन्द्र पटेल (मंडल महासचिव युवा मोर्चा), सूरज एव (जिला महामंत्री), सरफराज अंसारी (विधानसभा अध्यक्ष), सद्दाम हुसैन, रामधनी निषाद, समसे आलम, दिवाकर राव, संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने थाना समाधान दिवस पर थाना मेहदावल पहुंचकर सुनी गयी जनता की समस्याएं, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर मेहदावल थाना में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों के शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी द्वारा शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

सुनवाई के दौरान कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे 02 प्रार्थना पत्र राजस्व बिभाग से और 04 प्रार्थना पत्र पुलिस बिभाग से संबंधित हैं। जिलाधिकारी द्वारा त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शीघ्र ही सभी प्रार्थना पत्रों का राजस्व विभाग से संपर्क स्थपित कर निस्तारण कराया जायेगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष मेहदावल सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# दुधारा थाना में आयोजित हुआ समाधान दिवस



वेलकम इंडिया संवाददाता

**सेमरियावा।** शनिवार को दुधारा थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द शर्मा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार आनंद ओझा और क्षेत्राधिकारी सदर प्रियम राज शेखर पाण्डेय भी मौजूद रहे। इस दौरान राजस्व के कुल 4 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें किसी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। इस मौके पर ज्ञान चंद भारती, संजय मिश्रा, श्याम सुन्दर, उपनि. नंदा प्रसाद, राम सूरत प्रसाद, राजेन्द्र सिंह, राम कुशल सिंह आदि मौजूद रहे।

# आगरा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, 29.62 लाख मतदाता शामिल

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)-2026 अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया। कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधानसभावार अंतिम निर्वाचक नामावली जारी की गई।

जनपद में अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 29,62,418 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 16,25,170 पुरुष, 13,37,166 महिला और 82 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि यह सूची 10 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक सभी मतदेय स्थलों पर आमजन के निःशुल्क अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी।

विधानसभावार मतदाताओं की संख्या में एत्मादपुर में 4,20,574, आगरा कैंट में 3,35,784, आगरा दक्षिण में 2,75,069, आगरा उत्तर में 3,33,439, आगरा ग्रामीण में 3,74,334, फतेहपुर सीकरी में 3,30,745, खेरागढ़ में 3,05,509, फतेहाबाद में 2,95,623 और बाह में 2,91,341 मतदाता शामिल हैं।

अपर जिलाधिकारी नगर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) 10 अप्रैल से एक सप्ताह तक अपने-अपने मतदान स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची का निरीक्षण कराएंगे।

मतदाता अपने नाम, पता और अन्य विवरणों की जांच कर सकते हैं तथा किसी त्रुटि की स्थिति में संबंधित बीएलओ या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर सुधार करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं हो पाया है तो वह फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकता है। साथ ही, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत सूची प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रथम अपील तथा 30 दिन के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील की जा सकती है।

उन्होंने इस वृहद अभियान की सफलता के लिए सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ, सुपरवाइजरों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और मीडिया का आभार व्यक्त किया। करीब 166 दिनों तक चले इस विशेष पुनरीक्षण अभियान में हजारों कार्मिकों के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

# कोतवाली पुलिस ने किसान से लूट का किया खुलासा, दो बदमाश गिरफ्तार

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** कोतवाली क्षेत्र में पांच दिन पहले किसान से हुई लूट की घटना का पुलिस ने शनिवार दोपहर 12 बजे खुलासा कर दिया। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गए रुपये और तमंचा बरामद किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास निवासी अमित वर्मा 6 अप्रैल को ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर पूरनपुर से घर लौट रहे थे। भायपुर रोड पर दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर उनसे दस हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया था।मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने दयाराम पुत्र जमुना प्रसाद निवासी सराय नवदिया थाना खुटार और आजाद पुत्र जगदीश निवासी धनसिंहपुर थाना खुटार, जिला शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से पांच हजार रुपये और 12 बोर तमंचा बरामद हुआ। सीओ डॉ. प्रतीक दहिया ने बताया कि दो बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर जेल भेजा जा रहा है और फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

# हरीपुर कला में चौपाल आयोजित कर सचिव ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिया अश्वासन

लुकमान खान

**पीलीभीत पूरनपुर(वेलकम इंडिया)।** विकासखंड की हरीपुर कला ग्राम पंचायत में शुक्रवार दोपहर 12 बजे चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अधिकारी अतुल कुमार ने चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित मामलों के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत और आवास योजना से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाई। ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही योजनाओं में सामिल कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। चौपाल के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखने का अवसर मिला, जिससे ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया।

# पढ़ाई को लेकर गंभीर हों अभिभावक, बच्चों को नियमित स्कूल भेजें-संजय द्विवेदी

## स्कूल चलो अभियान के तहत ए.एच.एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में रैली निकाली गई



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** स्कूल चलो अभियान के तहत ए. एच.एग्री इंटर कॉलेज उजियार दुधारा द्वारा में रैली निकाली गई। स्कूल की छात्र -छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान से संबंधित नारे लगाए और अभिभावकों से अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी व संचालन कमरे आलम सिद्दीकी ने किया।

प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई को लेकर गंभीर होना पड़ेगा। उन्हें नियमित स्कूल भेजने की जिम्मेदारी अभिभावकों को निभानी होगी। विद्यालय में कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो शुरू हो गई है। निर्धारित समय सारणी के अनुसार विद्यालय में सभी कक्षाओं की पढ़ाई हो रही है। कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों में निशुल्क पुस्तकों का वितरण अगले सप्ताह कर दिया जाएगा।

श्री द्विवेदी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि कक्षा संचालन में अभिभावक साथ नहीं दे रहे हैं। बार-बार अनुरोध करने की बावजूद विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय नहीं आ रहे हैं। बच्चे अपनी खेती किसानी के कार्य में व्यस्त हैं, या तो घर पर आराम कर रहे हैं। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और उनके पठन-पाठन का नियमित निरीक्षण करें। श्री द्विवेदी ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों की आदतों पर भी नजर रखनी पड़ेगी। अल्पायु में बच्चे विविध प्रकार के नशे की चपेट में आ रहे हैं।

बच्चों को नशे का दुष्परिणाम बताकर उनको टोकना पड़ेगा, अन्यथा नशा उनका जीवन बर्बाद कर देगा। इस दौरान फसीयुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, मुहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मुहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, अखिलेश कुमारी, हकीमल्लाह, फखद्दीन, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ऐतिहासिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** भारतीय संविधान के निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर सेमरियावा में अम्बेडकर जनचेतना महारैली का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी अंबेडकर जन चेतना महारैली के संस्थापक व बसपा विधानसभा कोषाध्यक्ष अजय कुमार गौतम ने देते हुए बताया कि सेमरियावा ब्लाक परिसर में दोपहर दो बजे तक प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया जायेगा।

उसके बाद जूनियर हाईस्कूल सेमरियावां परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा होंगे।

उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों से ब्लाक तक रैली निकाली जायेगी। इसके लिए जिम्मेदारियां बांट दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

# समाधान दिवस में पहुंची तीन शिकायत मौके पर टीम भेजकर कराया निस्तारण

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** शासन के निदेर्शानुसार शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने शिकायतों पर टीम भेजकर निस्तारण कराया।

समाधान दिवस मे हाजीपुर दुग्गड्डा निवासी फूल हसन ने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी उसकी जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर रहे हैं। वहीं गांव हुरमुजपुर निवासी भूरो देवी ने भी शिकायत करते हुए बताया कि उसका देवर उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर खेती कर रहा है। पीड़िता ने प्रशासन से भूमि को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई।इसके अलावा कस्बा निवासी अनीश ने जन्नत कॉलोनी स्थित अपने प्लांट पर कुछ लोगों द्वारा जबरन निर्माण कार्य किए जाने की शिकायत दर्ज कराई और प्रशासन से हस्तक्षेप कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की।

समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उप निरीक्षक अमित कुमार ने सभी शिकायतों पर राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीमों को मौके पर भेजा। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायत सुनकर निस्तारण किया जाए। इस दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

# स्टीयरिंग का गुल्ला टूटने से हुआ हादसा: गिट्टी लदा ट्रेलर पलटा, जानमाल का कोई नुकसान नहीं



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** शनिवार को बीएमसीटी बस्ती- मेहदावल मार्ग पर स्थित कोइलसा के पास गिट्टी लदा ट्रेलर पलट गया। जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। दुधारा थाना क्षेत्र के बीएमसीटी बस्ती - मेंहदावल मार्ग पर स्थित कोइल्सा के पास झांसी से झांसी से महाराजगंज गिट्टी लदा ट्रेलर यूपी 77 एटी 5805 स्टेयरिंग का गुल्ला टूटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। हालांकि किसी के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। वाहन मालिक का नाम अनिरुद्ध यादव और वाहन चालक उत्तम यादव बताया जाता है।

# देवर ने भाभी के गले पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उतारा मौत के घाट

संदीप तिवारी





**कछवारोड(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के लच्छापुर गांव में शनिवार सुबह दस बजे पुरानी रंजिश को लेकर देवर ने भाभी के गर्दन पर धारदार कुल्हाड़ी से प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया।आरोपी युवक खुद पुलिस को हत्या की सूचना दिया।

जानकारी के अनुसार लच्छापुर गांव निवासी सुजीत पटेल की पत्नी पूनम पटेल उम्र (30) वर्ष खाना बनाने के बाद घर के बाहर बैठकर पेड़ के नीचे गेंहू बिन रही थी। उसी समय पूनम का देवर अजीत पटेल कुल्हाड़ी लेकर आया और सीधे अपने भाभी के गर्दन पर वार कर दिया। महिला के जमीन पर गिरते ही युवक महिला के एक पैर काट दिया।

आरोपी युवक घटना के बाद आसपास के लोगों को बुलाने के साथ ही 112 नंबर पर खुद पुलिस को घटना की सूचना दिया।सूचना मिलते ही मौके पर मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय पहुंच गए आरोपी युवक शव के पास कुल्हाड़ी लेकर बैठा था पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

ृतक महिला का पति सुजीत वाराणसी कैंट पर रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक का काम करता है घटना के समय महिला के सास चमेली देवी ससुर तेज बहादुर खेत में थे और महिला का एकलौता पुत्र हर्ष चार वर्ष स्कूल पढ़ने गया था।घटना की सूचना मिलते ही मृतका का पति सुजीत व स्कूल से बच्चा हर्ष घर आया।मां के मौत से अनजान घर के बाहर भीड़ देकर बेटा आवाक रहा वही पति दहाड़ मार कर रो रहा था। घटना का कारण चर्चा रही कि युवक भाभी पूनम के बहन से काफी दिनों से शादी के लिए अड़ा था महिला व उसके परिवार वाले इस रिश्ते के लिए तैयार नही थे इसको लेकर पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका है एक माह पूर्व पूनम के शिकायत पर मिजार्मुराद पुलिस ने आरोपी का शांति भंग में चालान भी किया था।घटना के बाद घर के बाहर सैकड़ो की संख्या में महिलाओं व पुरुषों की भारी भीड़ जमी रही।घटना के बाद सूचना पर पहुंचे मृतिका के पिता अमिनी गांव (मिजार्मुराद) निवासी वीरेंद्र प्रताप पटेल उर्फ मुन्ना भाई संदीप पटेल समेत मां व भाभी मौके पर पहुंच शव से लिपट कर रोने लगी।घटना स्थल पर एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव, फोरेंसिक टीम पहुंच जांच-पड़ताल की व फोरेंसिक टीम ने कुल्हाड़ी को कब्जे में ले लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दी। वही मिजार्मुराद थाने पहुंचे महिला के पिता वीरेंद्र प्रताप पटेल ने दहेज के खातिर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दिया।वीरेंद्र ने बताया कि पुत्री से दहेज में कई दिनों से पांच लाख रुपया का मांग किया जा रहा था उसी को पूरा न करने पर पूरा परिवार एक कहानी बनाकर मेरी पुत्री का बेरहमी से हत्या कर दिया। मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है आरोपी अजीत पुलिस हिरासत में है कुल्हाड़ी बरामद कर लिया गया है। मां के मौत से अंजान मासूम सबको देखता रहा वही चार वर्ष का मासूम हर्ष मां की मौत से अंजान था वहां पर मौजूद महिला व पुरुष मासूम को देखकर रो पड़े। हर्ष बार-बार अपने मां को पूछ रहा था मम्मी कहां है और सबको एक तक बस निहार रहा था।

# शिक्षा से ही विकास का द्वार खुलता है :-प्रमोद प्रधान

वेलकम इंडिया संवाददाता





**शिकारपुर।** परिषदीय विद्यालयों में नवीन सत्र प्रारंभ हो चुका हैं। ऐसे में विभाग द्वारा नामांकन में वृद्धि करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान चलाया जा रहा है। अध्यापक गण अभिभावकों से संपर्क करते हुए बच्चों के नामांकन हेतु प्रेरित कर रहे हैं।

विभाग द्वारा भी जन जागरूकता हेतु रैली निकली जा रही है। इसी क्रम में शिकारपुर ब्लॉक क्षेत्र के पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय रिवाड़ा ने भी कवायत शुरू कर दी है तथा अध्यापकगण अभिभावकों से मिलकर बच्चों के नामांकन कराने हेतु अपील कर रहे हैं।

इस पुनीत कार्य में ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चे जब शिक्षित होते हैं तो विकास का द्वार खोलते हैं।

प्रधानाध्यापक मनमोहन रोहिला ने विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दी तथा बच्चों के नामांकन हेतु अपील की। उन्होंने बताया कि विद्यालय से प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार अध्यापकों के द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

नामांकन अभियान के दौरान रिवाड़ा के मनोज रावल आरिफ अंसारी डीलर शौकीन हसीन हाशिम डॉ निजाम मोहसिन अकरम कादिर खान सैफ अली शबाना बेगम रिजवाना शमा निशा आदि का विशेष सहयोग रहा।

संपर्क अभियान में विद्यालय परिवार से निशा प्रतिभा कविता अमृता विनीता ज्योति सुनीता तथा मानवती आदि का सहयोग रहा। खंड शिक्षा अधिकारी अमन गुप्ता ने विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे इस मुहिम की सराहाना की है तथा ग्राम वासियों को भी साधुवाद दिया है।

# बच्चों के स्कूल में दाखिला के लिए साइकिल से स्पीकर लगाकर घर-घर संपर्क कर रहे शिक्षक

संदीप तिवारी



**कछवारोड(वेलकम इंडिया)।** सेवापुरी ब्लॉक के बिहड़ा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक शनिवार को स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूल से साइकिल पर लाउडस्पीकर लगाकर गांव में भम्रण कर लोगों को माइक के माध्यम से अनोखे अंदाज में जागरूक कर रहे है।

अभियान में मौजूद पी.एल.सी सदस्य शिक्षक डॉ. आलोक त्रिपाठी ने बताया कि शिक्षा से कोई भी बच्चा छूट न जाने इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है साइकिल पर लाउडस्पीकर बांध कर गांव में गली-गली एक-एक घर पर जाकर माइक के माध्यम से व बच्चों से मिलकर विद्यालय में दाखिला के लिया प्रेरित किया जा रहा है।

ग्रामीणों से भी अपील किया गया है कि 6 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे अगर घर में हो तो उनका दाखिला समय से विद्यालय में अवश्य करवा जिससे उसकी पढ़ाई समय से चालू हो सके सरकार की तरफ से मुफ्त शिक्षा के साथ-साथ किताबे भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षक अशोक कुमार गिरी, विजय शंकर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम - बस्ती अभियान में उमड़ा जन सैलाब

वेलकम इंडिया संवाददाता






**डिबाई/बुलंदशहर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में आयोजित ग्राम - बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत डिबाई विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सतोहा में ग्राम चौपाल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिबाई की पूर्व विधायक डॉ अनीता लोधी थी। जनता के बीच खासी लोकप्रिय डॉ अनीता लोधी के स्वागत के लिया ग्राम सातोहा के नर - नारियों में अत्यधिक उत्सुकता देखने को मिली। ग्राम के मुख्य द्वार से सभा स्थल तक ग्राम वासियों द्वारा फूलमालाओं से डॉ लोधी को आच्छादित कर लाया गया।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जनहित कार्य योजना की जानकारी जन - जन तक पहुंचने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में ग्राम - बस्ती चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। डॉ अनीता लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या विद्याधन, गोद भराई, अन्नप्राशन, उज्ज्वला गैस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने को प्रयासरत है, वहीं किसान सम्मान निधि द्वारा कृषकों के जीवन स्तर में सुधार कर उन्हें समाज का सम्मानित अंग बनाने हेतु प्रयासरत है।

पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा ने सभा का शुभारंभ करते हुए सभा की रूपरेखा उपस्थित जन समुदाय के समक्ष रखी। मंडल अध्यक्ष मुकेश चौधरी और डिबाई विधानसभा क्षेत्र के पधारे हुए ग्राम प्रधानों द्वारा डॉक्टर अनीता लोधी का विशाल फूल माला के द्वारा अभिनंदन किया।

वहीं डॉ अनीता लोधी ने समस्त वयोवृद्ध नागरिकों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम का संचालन श्री ओम प्रकाश लोधी द्वारा किया गया जबकि सभा की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह लोधी द्वारा की गई।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित पूर्व चेयरमैन विवेक वशिष्ठ, ग्राम प्रधान सोरला मुकेश कुमार लोधी, ग्राम प्रधान रह्मापुर नरेश कुमार, ग्राम प्रधान घुसराना नीरज लोधी, भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक देव शर्मा, लक्ष्मण सिंह फौजी, चेतराम सिंह लोधी, संतोष गोस्वामी, हेमराज सिंह डायरेक्टर डी सी डी एफ, सुरेंद्र कुमार वर्मा डायरेक्टर सहकारी समिति, पी. पी. सिंह पूर्व प्रबंधक, ग्राम प्रधान भीमपुर टिंकू लोधी, ग्राम प्रधान मऊ धीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान रामघाट लक्ष्मण शर्मा, सौरभ गुप्ता बेलौन, सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया



वेलकम इंडिया संवाददाता

**पहासू/बुलंदशहर।** शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बनैल में स्कूल चलो अभियान एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संरक्षक देवेंद्र कुमार भारद्वाज एवं जिलाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा तथा कार्यक्रम का संचालन तनुज कुमार शर्मा ने किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विगत वर्ष प्रत्येक कक्षा में प्रथम, व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को शील्ड, कॉपियां, व पेन आदि वितरित किए गए,इसके अतिरिक्त अन्य छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तके, कॉपियां, आदि वितरित की गई। इसके अतिरिक्त कक्षा01 में नवीन प्रवेशित छात्रों, व उपस्थित अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी तेजप्रकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश वेतन भोगी सहकारी समिति के अध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा, प्रधानाध्यापक राजबाला शर्मा इकरामुद्दीन चंद्रपाल शर्मा सत्यपाल सिंह गुलजार सिंह गौरव कुमार रूबी त्यागी सीमा देवी राजकुमार सिंह राजीव कुमार शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# 26 पेटी अवैध शराब के साथ एक शातिर तस्कर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया संवाददाता




**जहांगीराबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जहांगीराबाद पुलिस को शनिवार को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक शातिर शराब तस्कर को भारी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्थानीय थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि अनूपशहर रोड पर स्थित एक कमरे में अवैध शराब का भंडारण किया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और मौके से एक शराब तस्कर को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान कमरे से 26 पेटी लगभग 211 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई, जिसकी बाजार में कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद शराब पर 'मिस इंडिया' मार्का लगा हुआ था।

## कानूनी कार्रवाई और टीम

पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना जहांगीराबाद में मुअसं- 167/26 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया है। आवश्यक वैधानिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार, उ0नि0 नीरज शर्मा, उ0नि0 सौरभ कुमार, का0 रामपाल शर्मा व म0का0 रूबी सैनी मुख्य रूप से शामिल रहे। वहीं क्षेत्र में पुलिस की इस मुस्तैदी की चर्चा है और इसे अवैध शराब के कारोबार पर एक कड़ा प्रहार माना जा रहा है।

# 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



वेलकम इंडिया संवाददाता

**रामघाट/बुलंदशहर।** जरगवां में डा अम्बेडकर भीमराव अम्बेडकर जयंती पर थाना रामघाट प्रांगण में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई बैठक में थाना प्रभारी संदीप सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर 24 अप्रैल को जरगवां निकालने वाली अंबेडकर शोभा यात्रा के झांकी रुट के विषय में विस्तृत जानकारी ली थाना प्रभारी ने बताया किसी व्यक्ति ने शांति सुरक्षा व्यवस्था को भंग कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो ऐसे असमाजिक तत्वों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और अंबेडकर जयंती के आयोजकों को भी सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर जयंती में दिख नहीं जाएं और कोई भी आपत्ति जनक डीजे पर कोई गाना बिल्कुल नहीं चलाएं जिससे किसी को आपत्ति हो बैठक में थाना प्रभारी संदीप सिंह एस एस आई केपी सिंह उपनिरीक्षक शिवशंकर लक्ष्मण शर्मा प्रधान महेश पाठक देवेंद्र सिंह डॉक्टर कल्यान सिंह मुन्नालाल जितेंद्र सिंह राजू पिंटू मिस्त्री महेंद्र सिंह प्रधान इंद्रपाल सिंह यादव दिनेश कुमार आदि ग्रामीण समाजसेवी उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत, सुंदर भारत के तहत चला स्वच्छता अभियान





संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** सेवापुरी विधानसभा के मेंहदीगंज गांव (मिजार्मुराद) स्थित डीह बाबा मंदिर पर शनिवार को भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे स्वच्छ भारत, सुंदर भारत अभियान के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता रामशकल पटेल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यकताओं व ग्रामीणों ने झाडू लगाकर सफाई करने के बाद कूड़ा-कचरा को बोरे में भरकर हटाया। रामशकल पटेल ने कहां की भाजपा का स्थापना दिवस केवल संगठन का उत्सव नहीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति समर्पण का भी प्रतीक है। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. रमेश पटेल, ज्ञानेश जोशी, सेक्टर संयोजक सीताराम पाल, विजय कुमार गोड, जगदीश जायसवाल, सोहन विश्वकर्मा, अरविंद कुमार पांडेय, मृत्युंजय पाल, नन्दू बिन्द, भूतू पांडेय व अमित पटेल समेत अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# किसानों की मेहनत पर आग की मार,200 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख

संतोष कुमार सिंह



**चंदौली(वेलकम इंडिया)।** जनपद के सकलडीहा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा डैना बभनपुरा एवं अमावल में भीषण आग लगने से लगभग 200 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी मिलते ही वीरेंद्र सिंह सांसद चंदौली तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिए तथा उपस्थित अधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए गए कि नुकसान का ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ सर्वेक्षण किया जाए तथा प्रभावित किसानों को तत्काल उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि बटाईदार किसानों को भी मुआवजा बिना किसी देरी के प्रदान किया जाए।

इसके अतिरिक्त, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सकलडीहा तहसील क्षेत्र में जब तक फसल की कटाई पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक फायर ब्रिगेड वाहन की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनके हर संकट में उनके साथ खड़ा रहना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# अंधेरे में डूबी गलियां, कुंभकर्णी नींद में जहांगीराबाद नगरपालिका

## लिखित शिकायत के बाद भी नहीं बदली तस्वीर,मोहल्लेवासियों में भारी रोष

वेलकम इंडिया संवाददाता



**जहांगीराबाद।** एक ओर सरकार सड़कों को रोशनी से जगमगाने के दावे कर रही है, वहीं जहांगीराबाद नगरपालिका की घोर लापरवाही के कारण मोहल्लेवासी पिछले एक महीने से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। नगर के मुख्य मार्गों से हटकर गलियों की हालत यह है कि सूरज ढलते ही यहां सन्नाटा और डर का माहौल पसर जाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे पिछले कई हफ्तों से खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने या नई लाइट लगवाने के लिए नगरपालिका के चक्कर काट रहे हैं। मोहल्लेवासियों के अनुसार पालिका कर्मचारी व अधिकारियों से गुहार लगाते-लगाते अब गला सूख चुका है, लेकिन उनके कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। स्थिति यह है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी गलियों में बढ़ने लगा है, जिससे महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना दूभर हो गया है। हैरानी की बात यह है कि मोहल्ले की ओर से नगरपालिका प्रशासन को इस संबंध में लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है। बावजूद इसके, अब तक धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि टैक्स वसूली में तो नगरपालिका सक्रिय रहती है, लेकिन जब मूलभूत सुविधाएं देने की बात आती है, तो बजट या कर्मचारियों का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। गलियों में अंधेरा होने के कारण आए दिन लोग फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। नालियां खुली होने और सड़क पर खुदे गड्ढे को मिट्टी से भरने के बाद सड़क के ऊँची नीची होने की वजह से राहगीरों के लिए रात में निकलना किसी खतरे से कम नहीं है। यहाँ तक की लगभग 2 महीने पहले पानी की पाइप लाइन सही करने के लिए सड़क खोदी गयी थी जिसमें सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। जिससे सड़क में एक बड़ी ठोकर बन गयी है। अब देखना यह होगा कि इस समाचार के बाद सोई हुई नगरपालिका की आंखें खुलती हैं या मोहल्लेवासियों को आगे भी ठोकर वाली अंधेरी गलियों का ही सहारा लेना पड़ेगा।

# सख्ती का सुरक्षा कवच: गाजियाबाद में धारा 163 लागू

## अलर्ट मोड में पुलिस त्योहारों और आयोजनों के बीच शांति व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** आगामी त्योहारों, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, प्रतियोगी परीक्षाओं और संभावित विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा और सख्त कदम उठाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं यातायात) राजकरन नैय्यर के निर्देश पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस-2023) की धारा 163 लागू कर दी गई है। इस आदेश के तहत पूरे जनपद में निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिससे कानून-व्यवस्था को मजबूत सुरक्षा कवच मिल गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कदम जनसुरक्षा, शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### बिना अनुमति जुटान और प्रदर्शन पर रोक

आदेश के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, धरना-प्रदर्शन, जुलूस या रैली निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधि, अफवाह फैलाने या सामाजिक माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### संवेदनशील इलाकों में कड़ी निगरानी

पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। लगातार गश्त, ड्रोन निगरानी (अनुमति अनुसार) और खुफिया तंत्र की सक्रियता से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य है कि नागरिक सुरक्षित माहौल में अपने त्योहार मना सकें।

### हथियार और विस्फोटक पर पूरी तरह प्रतिबंध

निषेधाज्ञा के तहत सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, विस्फोटक या किसी भी प्रकार की हिंसात्मक वस्तु लेकर चलना प्रतिबंधित है। छतों या सार्वजनिक स्थानों पर ईंट-पत्थर, कांच की बोतलें या ज्वलनशील सामग्री जमा करने पर भी रोक लगाई गई है।

### पुलिस की अपील

गाजियाबाद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### सोशल मीडिया, पेट्रोल बिक्री और होटल पर सख्ती

भ्रामक या भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर रोक लगाई गई है। पेट्रोल पंप संचालकों को वाहन के अलावा कंटेनर में पेट्रोल-डीजल देने से मना किया गया है। होटल, धर्मशाला और लॉज संचालकों को बिना पहचान पत्र के किसी को ठहराने की अनुमति नहीं होगी।

### ड्रोन, यातायात और सार्वजनिक नशाखोरी पर रोक

राजकीय कार्यालयों के आसपास ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति अन्य स्थानों पर भी ड्रोन संचालन वर्जित है। यातायात बाधित करना, सार्वजनिक स्थानों पर नशा करना या सरकारी कार्य में बाधा डालना दंडनीय अपराध होगा।

### पर्यावरण और सामाजिक सौहार्द पर जोर

प्रशासन ने पराली जलाने, प्लास्टिक उपयोग और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगाई है। साथ ही जातीय, धार्मिक या राजनीतिक भावनाएं भड़काने वाले पोस्टर, नारे या प्रचार सामग्री पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। मामलों का निस्तारण कार्यपालक मजिस्ट्रेट के माध्यम से किया जाएगा।

# गिन्नी देवी मोदी कॉलेज में तीन दिवसीय सिलाई कार्यशाला का सफल आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज मोदीनगर के गृह विज्ञान विभाग द्वारा ऊषा सिलाई मशीन कंपनी के सहयोग से 8 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय सिलाई कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में वस्त्र निर्माण से संबंधित व्यावहारिक कौशल एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को विकसित करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो पूनम शर्मा के संरक्षण में किया गया। कार्यशाला का संचालन गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका ऐश्वर्या बहुगुणा द्वारा किया गया।

इस कार्यशाला में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के रूप में उषा कंपनी की ओर से सुश्री पूजा, अनमोल शर्मा एवं सूर्यकांत उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को सिलाई की विभिन्न तकनीकों, मशीन संचालन, कपड़े की कटिंग एवं फिनिशिंग से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र अत्यंत रोचक एवं सहभागितापूर्ण रहे। तीनों दिनों के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई तकनीकों को सीखने में गहरी रुचि दिखाई।

इस कार्यशाला ने न केवल उनकी तकनीकी दक्षता को बढ़ाया बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन 10 अप्रैल को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें संसाधन व्यक्तियों एवं उषा कंपनी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। गृह विज्ञान विभाग ने भविष्य में भी इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मरीजों के स्वास्थ्य की उचित जांच की गई। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क जांच, उचित पोषण और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान सही देखभाल, समय पर जांच और आवश्यक इलाज मिल सके। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जहां डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह देते हैं। कार्यक्रम में जलपान की भी व्यवस्था की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस हमें यह संदेश देता है कि एक स्वस्थ मां ही एक स्वस्थ समाज की नींव होती है। इसलिए हमें अपने आसपास की गर्भवती महिलाओं का ख्याल रखना चाहिए और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ. दिनेश कुमार डॉ नवीन श्रीवास्तव डॉ विक्रांत डॉ करण सिंह डॉ सत्य डॉ रितु डॉ ज्योति आदि का सहयोग रहा।

# आरकेजीआईटी में 'सृजन 2026' प्रोजेक्ट एग्जीबिशन सह प्रतियोगिता का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** आरकेजीआईटी, गाजियाबाद में 'सृजन 2026' नामक प्रोजेक्ट एग्जीबिशन सह प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की अएउए सोसायटी द्वारा किया गया, जिसमें कॉलेज के सभी विभागों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 70 से अधिक टीमों ने भागीदारी की और अपने नवाचारी प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता को दो प्रमुख श्रेणियों—हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर—में विभाजित किया गया था। निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु उद्योग जगत से विशेषज्ञ जजों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक (जज) के रूप में सुधांशु यादव (फर्मवेयर इंजीनियर, डब्ल्यूएएम इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड), श्री अमरेन्द्र श्रीवास्तव (सीनियर डिजाइन इंजीनियर, एसटी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स) एवं श्री संजीव मलिक (संस्थापक, सैप्रो इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इलेक्ट्रिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड तथा सह-संस्थापक, आर्केनियन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड) उपस्थित रहे।

दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विजेताओं को नकद पुरस्कार भी प्रदान किए गए, साथ ही पाँच सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के ग्रुप एडवाइजर लक्ष्मण प्रसाद एवं कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 'इस प्रकार के आयोजन छात्रों की रचनात्मकता और नवाचार क्षमता को नई दिशा देते हैं तथा उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं।' इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. बी.सी. शर्मा ने कहा कि 'सृजन 2026 जैसे आयोजन छात्रों के भीतर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करते हैं। यह न केवल उनके तकनीकी ज्ञान को सुदृढ़ करता है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु नवाचार के लिए भी प्रेरित करता है।' समापन सत्र में कॉलेज के डीन एकेडमिक्स एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर. के. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'छात्रों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट्स उनकी तकनीकी समझ और मेहनत का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, और ऐसे मंच उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' उन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर नवाचार के लिए प्रेरित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, डीन (एक्क) डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, ईसीई विभाग की डॉ. नेहा गोयल तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक विवेक सिंह एवं दीपक कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह आयोजन छात्रों की रचनात्मकता, तकनीकी दक्षता एवं नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# त्योहारों से पहले पुलिस की पहल: वेव सिटी व क्रॉसिंग रिपब्लिक में शांति-सौहार्द बनाए रखने को हुई महत्वपूर्ण गोष्ठी



कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल द्वारा थाना वेव सिटी एवं थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में संभ्रांत व्यक्तियों के साथ महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान त्योहारों के समय आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। साथ ही, सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने से बचने की भी सलाह दी गई। गोष्ठी के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अपने सुझाव साझा किए, जिन पर पुलिस प्रशासन ने सकारात्मक आश्वासन दिया। सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

# स्वास्थ्य केंद्र में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के टीके लगाए गए



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोविंदपुरी में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को करीब आधा दर्जन किशोरियों को टीके लगाए गए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि यह टीकाकरण अभियान सरकार की पहल के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अधीक्षक के अनुसार, 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को प्राथमिकता के आधार पर टीका लगाया जा रहा है। साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव हो सके। स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं और स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा पूरी सतर्कता के साथ प्रक्रिया पूरी कराई गई।

अभियान के तहत आने वाले दिनों में अधिक से अधिक किशोरियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि पात्र आयु वर्ग की किशोरियां नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर टीकाकरण कराएं और इस अभियान का लाभ इस मौके पर डॉक्टर करण कसाना डॉक्टर संजय डॉक्टर रितु आदि उपस्थित रहे।

# कबाड़ के गोदाम में भीषण आग, दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा





वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** शनिवार दोपहर गाजियाबाद के गगन विहार, भोपुरा स्थित जाहिर पीर वाले मंदिर के पास एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। घटना की सूचना दोपहर 14:29 बजे टेलीफोन के माध्यम से फायर विभाग को प्राप्त हुई, जिसके बाद तत्काल दमकल विभाग हरकत में आ गया।

सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक फायर टेंडर यूनिट प्रभारी अधिकारी के साथ मौके के लिए रवाना किया गया। साथ ही फायर सीजन ड्यूटी के तहत टीलामोड़ पर तैनात फायर टेंडर को भी घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और आसपास के रिहायशी मकानों के लिए बड़ा खतरा बन गई थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी को तुरंत अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर लोनी और वैशाली फायर स्टेशनों से अतिरिक्त फायर टेंडर बुलाए गए।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचे और उनके नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने चारों ओर से आग पर काबू पाने का अभियान शुरू किया। दमकल टीमों की त्वरित कार्रवाई, कड़ी मेहनत और सूझबूझ के चलते आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया, जिससे आसपास के मकानों को सुरक्षित बचा लिया गया और एक बड़े हादसे को टाल दिया गया।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पास में लकड़ी से खाना बनाते समय निकली चिंगारी कूड़े में गिरने से आग फैल गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने के बाद फायर सर्विस की टीमों ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर सुरक्षित अपने-अपने फायर स्टेशनों पर वापसी की।

# ऑपरेशन प्रहार: गाजियाबाद पुलिस का बड़ा अभियान, 400 छात्रों को किया नशे और अवैध हथियारों के खिलाफ जागरूक

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त के निर्देशन में गाजियाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत शनिवार (11 अप्रैल 2026) को वेवसिटी क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सहायक पुलिस आयुक्त वेवसिटी श्रीमती प्रियाश्री पाल के मार्गदर्शन में तथा थानाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह व पुलिस टीम की मौजूदगी में किसान मजदूर जूनियर हाई स्कूल, सादतनगर इकला दुधिया पीपल एवं राधा कृष्ण पब्लिक स्कूल, लाल कुआँ में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में करीब 400 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### युवाओं को दिया जागरूकता का संदेश

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके भविष्य को भी बर्बाद कर देता है। अवैध हथियार समाज में भय और अपराध को बढ़ावा देते हैं। युवाओं को इन बुराइयों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

### कहानियों के जरिए दिया प्रभावी संदेश

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटी-छोटी प्रेरणादायक कहानियां रहीं, जिनके माध्यम से छात्रों को नशे और अवैध हथियारों के खतरों के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया।

### बच्चों को दी गई महत्वपूर्ण सलाह

यदि कोई व्यक्ति नशा करता दिखे या जबरदस्ती नशा करने का दबाव बनाए, तो तुरंत माता-पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचना दें।

# फार्महाउस में घुसकर जानलेवा हमला: 52 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

गाजियाबाद। थाना अंकुर विहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर फार्महाउस में घुसकर धारदार हथियार से हमला करने, छेड़खानी और तोड़फोड़ करने जैसे गंभीर आरोप हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 25 मार्च 2026 को ग्राम सभापुर निवासी कुलदीप द्वारा थाना अंकुर विहार में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि शोभाराम उर्फ जगत सिंह पुत्र भिक्कन सिंह अपने साथियों के साथ केएल फार्महाउस में जबरन घुस आया और कुलदीप के भाई नीरज व गौरव पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के स्थापना दिवस पर भविष्य की कार्ययोजना पर की गई चर्चा

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने अपने स्थापना के सात वर्ष पूर्ण होने पर सातवां स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस सेंटर के भव्य सभागार में उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में संगठन की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह का शुभारंभ पतंजलि वैलनेस सेंटर के सेवा प्रमुख स्वामी आरोग्य देव, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, किसान नेता डॉ बबली गुर्जर, वरिष्ठ समाजसेवी मूलचंद गर्ग तथा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन का गठन शहीद क्रांतिकारियों को सम्मान दिलाने और समाज सेवा के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने बताया कि संस्था निरंतर अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सक्रिय है तथा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को लेकर संघर्षरत रही है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। पूर्व विधायक पंडित सुदेश शर्मा ने कहा कि पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने सात वर्षों में समाज सेवा की मिसाल कायम की है। संगठन का यह समर्पण समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अत्यंत सराहनीय है। किसान नेता डॉ बबली गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की कार्यशैली और जनहित के प्रति इसकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है। ऐसे प्रवास समाज को नई दिशा देने के साथ जागरूकता भी बढ़ाते हैं।

इसके अलावा संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए स्वामी आरोग्य देव व मूलचंद गर्ग आदि अतिथियों ने उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में अनिल शर्मा, डी शएस कुशवाहा, प्रवीण त्यागी, आनंद शर्मा, भूपेंद्र सिंह, अनिल शर्मा, अंकित शर्मा, डॉ जीके राजा, रामकिशन शर्मा, मनोज शर्मा, मुजम्मिल, सत्येंद्र गौतम, चंदवीर सिंह, पंकज शर्मा, संदीप, अमित कुमार, अनुज कुमार, विनोद गौड़, उमेश शर्मा, सतीश चंद्र, प्रदीप कौशिक, लोकेश शर्मा, महाराणा प्रताप के वंशज विजय सिसोदिया, सभासद बबलू कौशिक, मिथलेश देवी, अनीता देवी, चंचल देवी, नीरज देवी, दीपा चौधरी, शिवानी शर्मा, कौशल बिश्नोई, रेखा बिश्नोई, प्रिया सिंह, बेस, तानिया, शिवानी प्रजापति, गीता देवी, मंजू शर्मा, प्रियंका कौशिक, पारुल शर्मा, माही शर्मा, आराधार गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हाउस टैक्स में राहत का ऐलान: गाजियाबादवासियों को बड़ी राहत

## मासिक किराया दरें लागू, छूट के बाद केवल 10-15% तक ही बढ़ेगा टैक्स

- तीन महीने तक ब्याज माफी और ऑनलाइन भुगतान पर अतिरिक्त छूट




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स को लेकर शहरवासियों को बड़ी राहत देने की घोषणा की गई है। नगर निगम मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक तथा मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस.के. राय ने संयुक्त रूप से नई कर व्यवस्था और राहत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया कि 1 अप्रैल 2024 से लागू मासिक किराया दरों के आधार पर हाउस टैक्स निर्धारित किया गया है, लेकिन नागरिकों को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण छूट जारी रखी गई हैं।

नगर निगम के अनुसार 2024 से पूर्व निर्धारित दरों की तुलना में सभी छूट लागू होने के बाद आवासीय भवनों पर हाउस टैक्स में केवल लगभग 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वहीं बिना किसी छूट के अधिकतम 20 प्रतिशत तक ही वृद्धि तय की गई है। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि शहर हित को ध्यान में रखते हुए पुराने भवनों को विशेष छूट दी जा रही है। दस वर्ष तक पुराने भवनों पर निर्धारित एआरवी पर 25 प्रतिशत, दस से बीस वर्ष पुराने भवनों पर 32.5 प्रतिशत तथा बीस वर्ष से अधिक पुराने भवनों पर 40 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। इसके साथ ही ऑनलाइन हाउस टैक्स जमा करने वाले करदाताओं को 2 प्रतिशत अतिरिक्त छूट तथा कूड़ा पृथक्करण करने वाले नागरिकों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

नगर निगम द्वारा दी जा रही 20 प्रतिशत सामान्य छूट की अवधि भी तीन महीने तक बढ़ा दी गई है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप करदाताओं को राहत प्रदान करते हुए नई व्यवस्था लागू की गई है। तीन महीने तक बकायेदारों पर लगने वाला 12 प्रतिशत ब्याज पूरी तरह माफ रहेगा, जिससे नागरिक बिना अतिरिक्त आर्थिक बोझ के टैक्स जमा कर सकेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन नागरिकों ने बढ़ी हुई दरों के अनुसार पहले ही हाउस टैक्स जमा कर दिया है, उनके भुगतान का समायोजन आगामी तीन वर्षों में किया जाएगा और भविष्य में कम टैक्स जमा करना होगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में विधायक अजीत पाल त्यागी ने नगर निगम के इस निर्णय को शहरहित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि दी जा रही राहत का लाभ उठाते हुए समय पर हाउस टैक्स जमा करें, जिससे शहर के विकास कार्यों को गति मिल सके और गाजियाबाद को बेहतर नागरिक सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

# मुरादनगर विधायक विकास निधि का करोड़ों रुपये क्या होगा?




### क्या मुरादनगर विधायक आखिरकार इन बची हुई करोड़ों रुपये को क्षेत्र के विकास पर खर्च करेंगे या ये पैसे भी खत्म हो जाएंगे?

मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की विधायक अजीत पाल त्यागी से पत्रकारों ने सवाल कीया तो उन्होंने कहा पहले आप अपने सूत्र बताइए अगर आप दूसरे सूत्रों से पूछोगे जितने पैसे विकास के लिए बकाया है उसका ठीकरा उन्होंने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण वह अन्य सरकारी योजनाओं के लिए पेंडिंग पड़े हैं जैसे ही उनके टेंडर लग जाएंगे तो यह विधायक विकास निधि का जो 3 करोड़ 25 लख रुपए है वह शून्य दिखाई देगा।

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के विधायक अजितपाल त्यागी की मुरादनगर विधानसभा के विकास कार्य की 3.25 करोड़ रुपये की विधायक निधि शेष बची हुई है, विधानसभा मुरादनगर क्षेत्र में सड़कें खस्ताहाल, बरसात में जगह-जगह सड़कों पर व नालियां पानी भर जाता हैं, स्कूलों में बेसिक शिक्षा की सुविधाओं का अभाव है, करोड़ों रुपये की जनता की निधि बिना खर्च किए पड़ी हुई है।

विधायक निधि विधानसभा की जनता के लिए होती है, बैंक बैलेंस बढ़ाने के लिए नहीं है ।3.25 करोड़ करोड़ रुपये बिना किसी प्रस्ताव के पड़े हैं।

ये पैसे अगर समय पर खर्च हो जाते तो क्षेत्र का विकास हो सकता था। अब आखिरी समय में अगर ये राशि खर्च नहीं हुई तो ये पूरी तरह से व्यर्थ चली जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, विधायक निधि खर्च करने की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है लेकिन विधायक जी की तरफ से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# गाजियाबाद की जनता के लिए राहत भरा फैसला, दीपावली जैसा माहौल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की जनता को गृहकर के मुद्दे पर बड़ी राहत मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले के बाद अब शहर के लोग अगले तीन माह तक पुरानी दरों पर ही गृहकर जमा कर सकेंगे। इस निर्णय को लेकर शहर में राहत और संतोष का माहौल है। सरकार के इस फैसले पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त किया गया है।

प्रेसवार्ता के दौरान बताया गया कि जिन लोगों ने पहले ही बढ़ी हुई दरों के अनुसार टैक्स जमा कर दिया है, उनके अतिरिक्त जमा पैसे को आने वाली किस्तों में समायोजित किया जाएगा। साथ ही अगले तीन माह तक किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

प्रेसवार्ता में यह भी स्पष्ट किया गया कि सभी छूटों का लाभ देते हुए कुछ क्षेत्रों में लगभग 10 से 15 प्रतिशत तक ही बढ़ोतरी होगी। लंबे समय से गृहकर को लेकर जनता के बीच जो असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, उसे इस निर्णय से काफी हद तक समाप्त करने की कोशिश की गई है। राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने कहा कि गाजियाबाद की जनता ने हर चुनाव में ठऊअ गठबंधन को भरपूर समर्थन दिया है और जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मेरठ मंडल अर्बन कमेटी के प्रभारी इन्दरजीत सिंह टीटू ने सरकार और नगर निगम का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय योग संस्थान ने धूमधाम से मनाया 60वाँ स्थापना दिवस



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय योग संस्थान ने धूमधाम से सेंट्रल पार्क में मनाया 60वाँ स्थापना दिवस मनाया। 1967 में श्री प्रकाश लाल जी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर भारतीय योग संस्थान का बीजारोपण किया था। जो भारत सहित 12 देशों में 4500 से अधिक केंद्र चलाकर वटवृक्ष का रूप ले चुका है। जिसके अंतर्गत गाजियाबाद के सभी केन्द्रों में स्थापना दिवस मनाया गया।

राजनगर के सेंट्रल पार्क में तीन केंद्रों ने एक साथ मिलकर दिवस मनाया यह कार्यक्रम सरोज सबरवाल, हेम, विजय अग्रवाल, शालिनी दत्त, शारदा व अंजू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वही राजनगर सेक्टर एक में कामिनी जी केंद्र के साधको द्वारा सभी अधिकारियो को एक एक पौधा देकर सम्मानित किया गया तथा शहर में मोटापा निवारण शिविर लगाने की पहल भी की गई जिसमे लगभग 65 साधको ने लाभ प्राप्त किया। कार्यकारिणी सदस्य रेखा जोशी के साथ सरोज, हेम, शालिनी दत्त, विजय लक्ष्मी, अंजू, रागिनी, सीमा, सुधा, शशि, रंजना, दया, ज्योति, विजय जी एवं बी. डी. शर्मा उपस्थित रहे ' संस्थान शिविरों के माध्यम से समाज में योग के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास करता है जिसके फलस्वरूप प्रत्येक वर्ष हजारों साधक इसका लाभ उठाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं।

# फार्महाउस में घुसकर जानलेवा हमला: 52 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** थाना अंकुर विहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पर फार्महाउस में घुसकर धारदार हथियार से हमला करने, छेड़खानी और तोड़फोड़ करने जैसे गंभीर आरोप हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 25 मार्च 2026 को ग्राम सभापुर निवासी कुलदीप द्वारा थाना अंकुर विहार में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि शोभाराम उर्फ जगत सिंह पुत्र भिक्कन सिंह अपने साथियों के साथ केएल फार्महाउस में जबरन घुस आया और कुलदीप के भाई नीरज व गौरव पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपी ने शिकायतकर्ता की बहन के साथ छेड़खानी की, जान से मारने की धमकी दी और वहां खड़ी गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस मामले में थाना अंकुर विहार पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी।

### 11 अप्रैल 2026 को मिली सफलता

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी जगत सिंह उर्फ शोभाराम (उम्र करीब 52 वर्ष), निवासी ग्राम सभापुर रामपाल चौक, थाना सोनिया विहार, दिल्ली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# महाराणा सांगा जयंती पर गाजियाबाद में होगा ऐतिहासिक आयोजन, करणी सेना ने पूरी की तैयारियां

**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** वीर शिरोमणि महाराणा सांगा जी की जयंती के उपलक्ष्य में 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय करणी सेना ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए संगठन द्वारा लगातार बैठकें और जनसंपर्क अभियान चलाए गए हैं।

करणी सेना के जिला महामंत्री अनिकेत राजपूत ने बताया कि इस वर्ष का कार्यक्रम गाजियाबाद में एक नई मिसाल पेश करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज को अपने गौरवशाली इतिहास और वीरता की परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा सांगा जी के जीवन, संघर्ष और शौर्य गाथाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही भव्य रैली और पूजन का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

करणी सेना पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

# बीट सिस्टम को और धार देने की तैयारी, ट्रांस-हिण्डन जोन में पुलिस की बड़ी गोष्ठी



**कपिल चौहान**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ट्रांस-हिण्डन जोन में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा बीट प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध, ट्रांस-हिण्डन जोन के सभी सर्किल सहायक पुलिस आयुक्त, बीट उपनिरीक्षक (BSI) एवं बीट पुलिस अधिकारी (BPO) उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बीट प्रणाली के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई तथा 'यक्ष एप' के उपयोग को लेकर बीटवार फीडबैक लिया गया।

पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीट अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करें और आम जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें, ताकि स्थानीय स्तर पर विश्वास और सुरक्षा का माहौल मजबूत हो सके।

उन्होंने अपराधियों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करने और बीट प्रणाली को जनसंपर्क व अपराध नियंत्रण का मजबूत आधार बनाने पर विशेष जोर दिया।

गोष्ठी में यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक बीट अधिकारी अपने क्षेत्र की सामाजिक संरचना, प्रमुख व्यक्तियों और संवेदनशील स्थानों की अद्यतन जानकारी रखें। साथ ही, जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कर पुलिस की सकारात्मक छवि को बनाए रखने पर बल दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि बीट प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाकर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# गाँव-गाँव पहुंचा जनसंवाद: दादरी में 'गाँव चलो अभियान' को मिल रहा जबरदस्त जनसमर्थन





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक अभियान 'गाँव चलो अभियान' के तहत दादरी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी क्रम में दादरी विधायक तेजपाल सिंह नागर ने घोड़ी बछेड़ा, मॉयचा, रिठौरी, अजायपुर, रायपुर, रामपुर फतेहपुर, जुनपत, मकौड़ा और पाली सहित कई गांवों का सघन दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

दौरों के दौरान विभिन्न गांवों में स्थानीय नागरिकों और पार्टी कार्यकताओं ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए, जिन पर विधायक ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा का मूल मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' है, और 'गाँव चलो अभियान' इसी सोच को जमीन पर उतारने का माध्यम है। इसके जरिए कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचा रहे हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे। अभियान को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और भाजपा के प्रति उनका विश्वास लगातार मजबूत होता नजर आया।

# क्लीनिक में चोरी की कोशिश नाकाम, शटर में फंसा युवक—फायर सर्विस ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**कपिल चौहान**






**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** इंदिरापुरम के अभय खंड क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक क्लीनिक में चोरी की नीयत से घुसा युवक शटर और दीवार के बीच फंस गया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और युवक को सुरक्षित बाहर निकाला।

फायर स्टेशन वैशाली को दोपहर 1:15 बजे सूचना प्राप्त हुई कि अभय खंड स्थित एक क्लीनिक में एक चोर फंसा हुआ है। सूचना मिलते ही अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में रेस्क्यू टेंडर तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि अभिषेक (पुत्र गणेश, निवासी बिहार) नामक युवक रात के समय छत के रास्ते क्लीनिक में घुसने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान वह शटर और कंक्रीट की दीवार के बीच फंस गया, जिससे उसका गला जाम हो गया और वह लटक गया। फायर सर्विस टीम ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए विशेष रेस्क्यू उपकरणों की मदद से शटर को हटाया और युवक की गर्दन को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के बाद युवक को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।